




# ALIVE NEWS
अलाईव न्यूज
Any Enquiry Cont. : 0129-4070270
खबर वही, जो जिंदा रहे!


**सुविचार**

भूल करने में पाप तो है ही, परंतु उसे छुपाने में उससे भी बड़ा पाप है।


Vol. 12 Issue No. 04 Faridabad (NCR) | Thursday, 16-31 March 2023 | Rate : 5 /- | RNI No. : HARBIL/2012/45536 | Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/21-23 | Page : 8







## उद्घाटन के मात्र छह माह बाद हल्की बारिश में टपकने लगी एनआईटी बस अड्डे की नई इमारत

**Faridabad/Alive News**

तिकोना पार्क स्थित एनआईटी बस अड्डे की नई इमारत का हल्की बारिश में टपकना इमारत की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बस अड्डे का उद्घाटन किए मात्र छह माह हुए है और हाईटेक बस स्टैंड की इमारत हल्की बारिश में टपकने लगी है। इमारत का निर्माण पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत करोड़ों की लागत से करीब 4 एकड़ भूमि पर हुआ है।

शुक्रवार की सुबह हल्की बारिश के दौरान हाईटेक बस अड्डे की छत अचानक टपकने लगी। यह देखकर रोडवेज के कर्मचारियों के साथ-साथ बस अड्डे में आने वाले यात्री हैरान दिखाई दिए। यात्रियों ने इमारत के निर्माण को लेकर सरकार और परिवहन विभाग पर सवाल उठाए। उधर, बस अड्डा इंचार्ज का कहना है कि अभी ऊपर सीढ़िया बननी बाकी है और ऊपर निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए लेटर की दरार से पानी आ रहा है। यह बारिश का पानी नही है, क्योंकि इमारत पांच मंजिल है।

गौरतलब रहे कि 28 अक्टूबर 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने नए बस अड्डे का उद्घाटन किया था। बस अड्डे की सौगात की खुशी पूरे जिले में देखी गई थी। लेकिन अब बस अड्डे की दीवारें झड़ने के साथ ही बिल्डिंग के हालातों को देखकर यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश के पानी से यह बिल्डिंग भी जल्द ही जर्जर हो जाएगी। यह समस्या इमारत में एक जगह की नहीं है, बल्कि कई



स्थानों पर छत टपक रही है। इसके अलावा अंदरुनी हिस्से का लेवल भी ठीक नहीं है और निर्माण में बरती गई अनियमितता सामने आ रही है।

दरअसल, इस बस अड्डे का निर्माण पीपीपी के तहत करोड़ो की लागत से करीब 4 एकड़ भूमि में किया गया है। बस अड्डे में पांच मंजिला इमारत बनाई गई। इसके ग्राउंड फ्लोर पर 1384 स्क्वॉयर मीटर क्षेत्र में 9 बूथो पर 18 बसें एक साथ खड़ी करने की व्यवस्था की गई है। यहां पर दो बेसमेंट बनाए गए है। दोनों बेसमेंट का उपयोग शहर के लोगों की पार्किंग के लिए किया जा रहा है। जिसमें करीब 900 गाड़ियों के खड़े होने की व्यवस्था है।

**क्या कहना है इंचार्ज का**

बस अड्डे की छतों में कोई दरार नहीं है। ऊपर अभी सीढ़ियां बनाने का काम चल रहा है। सीढ़ियों के निर्माण कार्य को लेकर छत में दरार आ गई होगी। अभी ऊपर टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा है। जल्द ही सब कुछ सही करा दिया जाएगा।

**-रणबीर, बस अड्डा इंचार्ज-एनआईटी।**

## बस अड्डे पर महिलाओं को सशक्त बनाने वाले प्रदेश में नहीं है बेबी फीडिंग रूम

**Pooja Sharma/Alive News**

**फरीदाबाद :** हरियाणा के किसी भी बस अड्डे पर महिलाओं के लिए बेबी फीडिंग रूम नहीं बनाया गया है। इस बात का खुलासा आरटीआई से हुआ है। हरियाणा में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तमाम अभियानों पर पैसा खर्च करती है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि हरियाणा के किसी भी बस अड्डे पर महिलाओं के लिए बेबी फीडिंग रूम नहीं है। जिससे अपने दुधमिहें बच्चे को दुध पिलाने वाली महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बस अड्डे जैसे सार्वजनिक स्थान पर महिला अपने दूध मुहें बच्चे को दुध पिलाने में शर्मसार होती है। अपने बच्चे को भूख से बिलखता देख कोई महिला यदि दुध भी पिलाती है तो समाज के कुछ लोग उस महिला को हीन भावना से देखते है। सभी प्राइवेट जोन, होटल व अन्य संस्थानों में बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होती है।






रविंद्र चावला

हरियाणा परिवहन विभाग को भी इस और ध्यान देने की आवश्यकता है।

**क्या कहना है आरटीआई एक्टिविस्ट का**

आरटीआई एक्टिविस्ट रविंद्र चावला का कहना है कि 2017 में मैंने कुछ बिंदुओं पर आरटीआई लगाई थी जिनमें जवाब आया कि हरियाणा के किसी भी बस अड्डे पर बेबी फील्डिंग रूम आरक्षित नहीं किया गया है। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर काम करने वाले प्रदेश में महिलाओं को दी जाने वाली सुविधा पर सरकार का ध्यान नहीं है।

**क्या कहना है बस अड्डा इंचार्ज का**

पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाए गए एनआईटी फरीदाबाद के बस स्टैंड पर बेबी फीडिंग रूम आरक्षित किया गया है। यह जानकारी एनआईटी बस अड्डा इंचार्ज रणबीर ने देते हुए बताया कि महिला यात्रियों को बेबी फीडिंग रूम के बारे में जानकारी ना होने के कारण बेबी फीडिंग रूम को इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। हालाकिं एनआईटी बस अड्डे में विभाग की ओर से रूम आरक्षित किया हुआ है।

### हरियाणा के किसी भी बस स्टैंड पर नहीं है स्मोक जोन

हरियाणा के किसी भी बस स्टैंड पर यात्रियों के धूम्रपान के लिए केविन नहीं बनाया गया है। इसका खुलासा आरटीआई के माध्यम से हुआ है। हालाँकि हरियाणा के फरीदाबाद एनआईटी में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत स्मार्ट बस स्टैंड बनाया गया है। लेकिन, इस बस स्टैंड में भी धूम्रपान करने वाले यात्रियों के लिए स्मोक केविन नहीं बनाया गया है। दरसल, सार्वजनकि स्थल पर धूम्रपान निषेध को लेकर कानून बना हुआ है। जिसमे सार्वजानिक स्थल पर कानून की अवेहलना करने वाले व्यक्ति को एकमुश्त जुर्माना देना होता है, या जुर्माना ना भरने की सूरत में सजा का भी प्रावधान रखा गया है। हालाँकि नियम यह है कि बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और निजी संस्थान इत्यादि में धूम्रपान के लिए स्पेशैल केविन बनाया जाता है।

**क्या कहना है आरटीआई एक्टिविस्ट का**

हरियाणा परिवहन विभाग ने बस स्टैंड पर धूम्रपान करने वाले यात्रियों के लिए 200 रूपये का जुर्माना तय किया हुआ है। लेकिन बस स्टैंड के अंदर पूरा जोन धूम्रपान निषेध होता है। जो यात्री धूम्रपान करना चाहता है उसके लिए कोई स्मोक जोन (केविन) नहीं बनाया हुआ है। यह क़ानूनी रूप से नियमों की अवेहलना की जा रही है। बस स्टैंड में यात्रियों से सुविधा के नाम पर महंगा किराया लिया जा रहा है। लेकिन उनके फंडामेंटल राइट को हरियाणा के सभी बस स्टैंडों पर दरकिनार किया जा रहा है। हालांकि सभी बस स्टैंड पर यात्रियों के स्मोककिंग के लिए एक अलग से केविन की सुविधा होनी चाहिये जो नहीं है। हरियाणा परिवहन विभाग से सन 2017 में मैंने कुछ बिंदुओं पर आरटीआई मांगी थी। जिसमें खुलासा हुआ है कि हरियाणा के किसी भी बस स्टैंड पर धूम्रपान के लिए केबिन सुविधा नही है।

**-रविन्द्र चावला, समाजसेवी एवं आरटीआई एक्टिविस्ट।**










# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

**मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।**

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग-बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए-पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।



मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे-जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे-वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।

**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**



# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

### विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

### बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने-रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

### ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन-सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

## लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नहीं रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नहीं समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या हैं? सोचिये-समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या हैं और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कैरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ-साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग-अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं-

### मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

### ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

### हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

### नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

### आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

### आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

### आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

### अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

### वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।



Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# आयोग महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सशक्त बनाने पर केन्द्रितः रेखा शर्मा



Faridabad/Alive News

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्य महिला आयोगों के साथ दो दिवसीय फाउंडेशन-सह-इंटरैक्टिव बैठक आज राजहंस होटल, सूरजकुंड में संपन्न हुई, जिसमें हरियाणा प्रदेश राज्य महिला आयोग का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष रेनू भाटिया ने किया। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रिय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा द्वारा की गयी। बैठक का उद्देश्य एनजीओस से आई प्रतिनिधियों को लीगल अवेयरनेस, स्पोर्टस, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यालय स्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम जैसे मुद्दों पर जागरूक करवाना है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष का बजट महिलाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। आयोग महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज में सशक्त बनाने पर केन्द्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोगों के साथ मिलकर प्रदेश में आयोग की कैपेसिटी बिल्ड-अप करना है। कैपेसिटी बिल्ड-अप में महिलाओं को जेंडर बेस्ड वायलेंस, पॉश एक्ट, पोक्सो एक्ट आदि से अवगत करना है। एनसीडब्ल्यू चेयरपर्सन में हरियाणा राज्य महिला आयोग को बधाई देते हुए बताया कि एचएससीडब्ल्यू द्वारा 75 कार्यक्रम आयोजित करवाए गए जिनमें विभिन्न कार्यक्रम हैं। उन्होंने उम्मीद की कि इस वर्ष केसिस कम आएं और उनका निवारण अधिक से अधिक हो जिसके लिए पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि पर ज्यादा फोकस किया जायेगा। इन विषयों पर 12वी के छात्र-छात्रों को जागरूक करेंगे क्योंकि स्कूल के बच्चों के साथ यह क्राइम ज्यादा है।

# एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल हर वर्ष देगा तीन बेटियों को मुफ़्त शिक्षा



Faridabad/Alive News

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल ने अनूठी पहल की शुरुआत की है। एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल द्वारा हर वर्ष 3 बेटियों को मुफ़्त शिक्षा दी जाएगी। जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर विनय गोयल ने बताया कि उनके स्कूल द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत अब तक लगभग 1000 बेटियों को रियायती दरों पर शिक्षा दी जा चुकी है तथा अब इसी क्रम को और आगे बढ़ाते हुए स्कूल द्वारा प्रति वर्ष 3 बेटियों को पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने इस योजना से प्रेरित होकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें मुफ़्त शिक्षा देने की शुरुआत की है, जिससे ज़रूरतमंद बेटियों का भविष्य संवारा जा सकेगा। इस प्रशंसनीय पहल के लिए हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल की सराहना की। इस दौरान उनके साथ हरियाणा रेडक्रॉस की वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता और स्कूल के वाइस प्रेसीडेंट सचिन गोयल भी मौजूद रहे। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान स्कूल के डायरेक्टर विनय गोयल द्वारा राज्यपाल से बेटियों के भविष्य तथा गुणवत्तापरक शिक्षा को लेकर भी चर्चा की गई तथा इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रेडक्रॉस हरियाणा की वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता तीन जरूरमंद बेटियों का चयन करेंगी जिन्हें एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष मुफ़्त शिक्षा दी जाएगी।

# हरियाणा की एक्साइज पॉलिसी के समापन को देखते हुए गठित की 8 सदस्यीय कोर टीम




Faridabad/Alive News

हरियाणा की एक्साइज पॉलिसी जून में समाप्त हो जाएगी। इसको देखते हुए सरकार नई पॉलिसी की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए 8 सदस्यीय कोर कमेटी का सरकार ने गठन किया है। हालांकि, कोर कमेटी के लिए पॉलिसी बनाना एक बड़ी चुनौती होने की संभावना है क्योंकि 2024 की शुरुआत में लोकसभा चुनाव होने हैं। विशेषज्ञों के अनुसार लोकसभा चुनाव को देखते हुए समिति से अपेक्षा की गई है कि वह राज्य सरकार, शराब निर्माताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखेगी। हरियाणा आबकारी विभाग ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में अच्छा राजस्व संग्रह हुआ है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार आबकारी विभाग ने 2019-20 में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,361.20 करोड़ रुपए खजाने में जमा कराए। 2020-21 में 6.69 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,786 करोड़ रुपए, 1 अप्रैल, 2022 से 2 मार्च, 2023 की अवधि के दौरान 2021-22 में 16.94 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7,936 करोड़ रुपए और 22.80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,005 करोड़ रुपए राज्य के खजाने में कराए हैं।आरके सिंगला, डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर (डीईटीसी) हिसार, अमित खनागवाल, डीईटीसी, जगाधरी, जितेन्द्र राघव, डीईटीसी, सिरसा, अमित भाटिया, डीईटीसी, (प्रधान कार्यालय), अनिरुद्ध शर्मा, डीईटीसी, गुरुग्राम पश्चिम, अभिजीत, सहायक जिला अटॉर्नी (प्रधान कार्यालय), सूत्रों ने कहा कि आनंद मलिक, आबकारी और कराधान अधिकारी (ईटीओ) (प्रधान कार्यालय) कोर कमेटी के सदस्य होंगे। ये अधिकारी करेंगे सहायताआबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने आशुतोष राजन, कलेक्टर, आबकारी-सह-संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त की देखरेख में आठ सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया है। इसके अलावा, अमित खोक्कर, सहायक ईटीओ, प्रवर्तन, जगाधरी और राधेश्याम, आबकारी निरीक्षक, जींद को कोर कमेटी की सहायता करनी होगी।आयुक्त ने आबकारी नीति की धाराओं के विवरण की जांच करने और इसमें किए जाने वाले आवश्यक संशोधनों के लिए सुझाव प्रस्तुत करने के लिए पांच सदस्यीय उप-समिति का भी गठन किया है। केएस मलिक, डीईटीसी, मेवात; आरके नैन, डीईटीसी, करनाल; आरके यादव, डीईटीसी, भिवानी; अनिरुद्ध शर्मा, डीईटीसी, गुरुग्राम पश्चिम; और विजय कौशिक, डीईटीसी, फरीदाबाद उप-समिति के सदस्य होंगे।

# शेयर मार्केट में प्रॉफिट दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठने वाले स्पैम कॉलर से रहे सावधान

Faridabad/Alive News

आए दिन साइबर अपराधी, साइबर ठगी के नए तरीके इजात करते रहते हैं। शेयर मार्केट में प्रॉफिट दिलाने के नाम पर आजकल एक नए प्रकार का साइबर अपराध मार्केट में पकड़ बना रहा है जिससे सावधान होने की आवश्यकता है। इसी के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने फरीदाबाद की दयाल एसोसिएट कंपनी से आए करण आहूजा व उनकी टीम के साथ बैठक आयोजित करके आमजन को इससे बचने का संदेश दिया। पुलिस आयुक्त ने करण आहूजा और उनकी टीम को गीता पुस्तक भेंट करके इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आजकल शेयर मार्केट में कमाई के नाम पर लोगों को बहुत सारे फर्जी कॉल प्राप्त हो रहे हैं जिसमें साइबर अपराधी आमजन को शेयर मार्केट से मोटा मुनाफा कमाने का लालच देते हैं और उन्हें शेयर खरीदवाने के लिए सुझाव के नाम पर पैसे ऐंठते हैं। यह फर्जी कॉलर नागरिकों को मोटी कमाई का सपना दिखाते हैं और उन्हें आने वाले समय



में करोड़पति बनाने की झूठी उम्मीद दिखाकर उनसे पैसे ऐंठते हैं। उन्होंने बताया कि यह फर्जी कंपनियां बनाकर हजार हजार लोगों से संपर्क करते हैं और उनमें से आधे लोगों को शेयर के चढ़ने और आधे लोगों को शेयर के गिरने के बारे में सुझाव देते हैं जिसमें से शेयर गिरता या चढ़ता है तो आधे लोगों को फायदा होता है बाकी आधों को नुकसान होता है। इसके पश्चात जिन आधे लोगों को फायदा होता है वह उनसे आगे भविष्य में भी इसी प्रकार फायदा करवाने के नाम पर पैसे मांगते हैं और व्यक्ति लालच वर्ष इन्हें पैसे दे देता है। इस प्रकार के साइबर अपराधों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होता है। साइबर अपराधी बढ़ते हुए कुछ फर्जी स्टॉक्स के बारे में गलत तरीके से जानकारी देकर ग्राहक को इसके लालच में फंसा देते हैं जिसकी वजह से उन्हें भारी नुकसान हो सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के साइबर अपराधियों से बचने की आवश्यकता है। आमजन किसी भी प्रकार के लालच में ना आएं और यदि वह शेयर मार्केट में पैसा लगाना चाहते हैं तो इसपर अपनी खुद की रिसर्च और जांच पड़ताल करने के पश्चात पैसा लगाएं। यदि वह शेयर मार्केट से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो एनएससी और बीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट से जाकर प्राप्त कर सकते हैं। शेयर मार्केट में पैसा लगवाने के नाम पर यदि आपसे कोई भी किसी भी प्रकार से पैसे की मांग करता है तो समझ जाइए कि वह आपके साथ ठगी कर रहा है। हो सकता है वह आपको दो या तीन बार मुनाफा करवा भी दे परंतु बाद में वह आप को भारी नुकसान का भागीदार बना सकता है। इसलिए इस प्रकार के साइबर ठगों से सावधान रहें और पूरी जांच पड़ताल करने के पश्चात ही अपने पैसे को सही जगह इन्वेस्ट करें

# परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों का जल्द करें निपटान-एडीसी



Faridabad/Alive News

लघु सचिवालय के सभागार में परिवार पहचान पत्र में आ रही समस्याओं व शिकायतों के निवारण हेतु मीटिंग आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र में चल रही वेरिफिकेशन प्रक्रिया का निपटान जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद जिला में परिवार पहचान पत्रों में शुद्धिकरण के लिए सरल केंद्रों (अटल सेवा केंद्र) और सीएससी सेंटरों पर जाकर कोई भी व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों में आकर उसको किसी भी प्रकार की आर्थिक राशि न दे और अगर कोई शुद्धिकरण के बदले पैसा मांगे तो उसकी शिकायत एडीसी कार्यालय में करे। एडीसी अपराजिता ने बताया कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यालय द्वारा परिवार पहचान पत्रों के साथ बीपीएल कार्डों की सुविधा को भी जोड़ा गया है। बीपीएल कार्डों का लाभ उन्हीं लोगों को दिया जा रहा है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति व समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को परिवार पहचान पत्र में दी गई आय के अनुसार अपात्र माना गया है। वह ग्रीवांस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर राजेश, एक्सईएन बिजली बोर्ड नीरज कुमार, डीएफएस सीमा शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# पुरी प्रणायाम में गंदे पानी की सप्लाई ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

Faridabad/Alive News

ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-75 स्थित पुरी प्रणायाम सोसाइटी में गंदे पानी की सप्लाई को लेकर आरडब्लूए प्रधान योगेश मान ने सारी सोसाइटी की तरफ से विभिन्न समस्याओं को लेकर अलाइव न्यूज के माध्यम से अपनी मांगे और समस्याओं के निराकरण के लिए अपनी सोसाइटी की आवाज को जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए सोसाइटी के कार्यालय पर एक मीटिंग बुलाई। जिसमें उन्होने जीवन के लिए महत्वपूर्ण पानी को लेकर के सबसे ज्यादा रोष प्रकट किया। प्रधान योगेश मान ने बताया कि लाखो रूपये खर्च करके सोसाईटी में दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एफएमडीए द्वारा लगवाए गए है। लेकिन वह सही तरीके से काम नही कर रहा है। जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है।

फ्लश और डोमेस्टिक ट्रीटमेंट प्लांट अलग- अलग होने के बाद भी दोनो का टीडीएस निर्धारित मात्रा से बहुत ज्यादा है। टीडीएस की मात्रा में लगभग 50- 150 बहुत अच्छी मानी जाती है। लेकिन परिस्थियों के अनुसार घरेलू उपयोग में 600 टीडीएस की मात्रा भी इस्तेमाल हो रही है। लेकिन सोसाइटी में सप्लाई पानी उससे भी जयादा मात्रा मिल रही है।

वहीं, सोसाइटी के प्रधान योगेश मान का कहना है कि सोसाइटी में कुल 974 परिवार रहते है। जिसमें 137 परिवार ईडब्लूएस कोटे के है और सभी सोसाइटी वासी एफएमडीए की ओर से सोसाइटी में सप्लाई होने वाले गंदे पानी से बेहद परेशान है। जबकि पुरी प्रणायाम सोसाइटी ग्रेटर फरीदाबाद में गंदे पानी को रीसाइकल कर इस्तेमाल



करने वाली सोसाईटी है। सोसाइटी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगने से लोगों के सीवर के गंदे पानी से निजात मिल गई थी। लेकिन एफएमडीए से सप्लाई होने वाले पानी का टीडीएस का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। जो लोगों के सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

# सोलह सौ गौवंश के भरण-पोषण के लिए सिर्फ दस लाख की सहायता राशि, ऊंट के मुंह में जीरा

Faridabad/Alive News

गाय, गंगा और गायत्री भाजपा सरकार के लिए हमेशा से राजनीति का मुद्दा? बने रहे है। मगर, गाय के संरक्षण और भरण-पोषण के नाम पर अनुदान देने में सरकार उहापोह की स्थिति में रहती है। जो अनुदान सरकार द्वारा गौवंश के लिए गौशालाओं को दिया जा रहा है वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। ऐसे में गौवंश का भरन-पोषण और संरक्षण करने में गौशालाओं को कठिनाई हो रही है। दरअसल, चार एकड़ में फैली मवई गौशाला में गाय और नंदियो की कुल संख्या लगभग 1650 है। इसमें 400 नंदी, 367 गाय के बच्चे और बाकी गाय है। वहीं, मवई गौशाला को सरकार से हर माह 10 लाख रूपये का अनुदान मिलता है। जबकि गौशाला के रखरखाव पर एक माह में लगभग 25 लाख रूपये खर्च होता है। गौशाला प्रबंधको के हर माह दान से बाकी 15 लाख की राशि जुटाने में पसीने छुट जाते है।

**सर्जरी की नही है व्यवस्था**

जिले में कुल तीन गौशालाए मौजूद है। लेकिन किसी भी गौशाला में गाय की सर्जरी की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। हालांकि, मवई गौशाला में गायों के बीमार पड़ने पर उनके उपचार के लिए दो चिकित्सक रखे गए है और इस गौशाला में आए दिन बाहर के गायों के एक दो एक्सीडेंटल मामले आते रहते है। जिनका उपचार कर उन्हें बाहर भेज दिया जाता है।

**क्या कहना है प्रधान का**

नगर निगम ने कुछ सालों पहले ही मवई गौशाला को



अपने अंदर लिया है और सहायता राशि के रूप में हर माह गौशाला को 10 लाख रूपये दिये जा रहे है। सरकार से मिलने वाली राशि से गौशाला के रख रखाव में थोड़ी मदद मिल जाती है।

-डॉ गगोई, सचिव- मवई गौशाला।

सरकार से गौशाला के लिए मिलने वाला अनुदान वैसे तो बहुत कम है। लेकिन गौशाला का खर्च हम बाहर से लोगों द्वारा गौशाला में दान दी गई राशि से पूरा करते है। सरकार को गायों की सर्जरी की भी व्यवस्था करनी चाहिए।

-वीरेंद्र मखीजा, प्रधान-मवई गौशाला।

# इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज मेडल

Faridabad/Alive News

नेपाल में चल रही इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरीश शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर भारतीय तिरंगे का गौरव गान किया है। हरियाणा प्रदेश के ग्रेटर के पलवली निवासी हरीश शर्मा ने इंक्लाइन बेंच प्रेस इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 76 किलो भार वर्ग में खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने गांव, जिला, प्रदेश एवं देश का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पलवली गांव में जश्न का माहौल है। सुबह से ही हरीश के परिवार वालों को बधाइयां मिल रही हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 10 से 13 मार्च 2023 को आयोजित इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में ग्रेटर फरीदाबाद के गांव पलवली निवासी हरीश शर्मा ने 76 किलो भार वर्ग में खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय चयन लिफ्टिंग के चीफ संदीप कड़वासरा ने बताया कि हरीश शर्मा ने बेहतर तैयारी की और देश के लिए मेडल जीता है। इसके लिए देश को इन पर गर्व है। इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, पाकिस्तान, किर्गिस्तान, भूटान और श्रीलंका देश के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हरीश के पिता राकेश ने बताया कि उसने फरीदाबाद फिटनेस अकादमी में नीलम सिंह कोच की देखरेख में तैयारी की। हरीश की इस इंटरनेशनल अचीवमेंट पर उसकी माता लीलावती, पिता राकेश शर्मा, दादा गणेश लाल शर्मा, भाई जयभगवान, पत्नी प्रियंका शर्मा, विवान विशाखा जुड़वां बच्चे सभी को आसपास के गांव वाले और शहर भर से बधाईयां मिल रहीं हैं। गांव के आनंद शर्मा ने बताया कि हरीश ने हमारे गांव पलवली के साथ साथ फरीदाबाद जिला, हरियाणा प्रदेश और भारत वर्ष का विदेशी धरती पर गौरवगान किया है हम सभी पलवली वासियों को हरीश की इस उपलब्धि पर गर्व है। हमारी बधाई एवं शुभकामनाएं उसके लिए हैं की वह ओलंपिक में भी मैडल जीतकर लाए। 15 या 16 मार्च को पहुंचेगा हरीश अपने पैतृक गांव पलवली। गांव के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी की जीत के जश्न की तैयारी में ग्रामीण जुट गए हैं। नेपाल में चल रही इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरीश शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर भारतीय तिरंगे का गौरव गान किया। हरियाणा प्रदेश के ग्रेटर फरीदाबाद के गांव पलवली निवासी हरीश शर्मा ने इंक्लाइन बेंच प्रेस इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 76 किलो भार वर्ग में खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने गांव, जिला, प्रदेश एवं देश का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पलवली गांव में जश्न का माहौल है। सुबह से ही हरीश के परिवार वालों को बधाइयां मिल रही हैं। हरीश के पिता राकेश ने बताया कि उसने फरीदाबाद फिटनेस अकादमी में नीलम सिंह कोच की देखरेख में तैयारी की। हरीश की इस इंटरनेशनल अचीवमेंट पर उसकी माता लीलावती, पिता राकेश शर्मा, दादा गणेश लाल शर्मा, भाई जयभगवान, पत्नी प्रियंका शर्मा, विवान विशाखा जुड़वां बच्चे सभी को आसपास के गांव वाले और शहर भर से बधाईयां मिल रहीं हैं। गांव के आनंद शर्मा ने बताया कि हरीश ने हमारे गांव पलवली के साथ साथ फरीदाबाद जिला, हरियाणा प्रदेश और भारत वर्ष का विदेशी धरती पर गौरवगान किया है हम सभी पलवली वासियों को हरीश की इस उपलब्धि पर गर्व है। हमारी बधाई एवं शुभकामनाएं उसके लिए हैं की वह ओलंपिक में भी मैडल जीतकर लाए। 15 या 16 मार्च को पहुंचेगा हरीश अपने पैतृक गांव पलवली। गांव के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी की जीत के जश्न की तैयारी में ग्रामीण जुट गए हैं।

# चिन्हित अपराध के तहत मामलों की गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार करें-एडीसी

Faridabad/Alive News

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए। ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में आयोजित चिन्हित अपराध योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में केसों से संबंधित बचाव साक्ष्य और तकनीकी कानूनी पहलुओं बारे विचार विमर्श किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए। उन्होंने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों और तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस को निर्देश दिये कि कोई मामला अगर आता है तो उस पर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए, जांच के हर पहलू को बारिकी से परखा जाए। उन्होंने सनसनीखेज अपराधों पर भी समीक्षा की और पुलिस विभाग के अधिकारी से कहा कि ऐसे केसों को भी चिन्हित अपराध के तहत लिए जाए और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और केस दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला न्यायवादी सत्येंद्र, जेल अधीक्षक जय किशन छिल्लर, एसीपी सत्यपाल यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# न्यू एजुकेशन पॉलिसी को लेकर अभिभावक पहुंचे शिक्षा मंत्री के द्वार

Faridabad/Alive News

सोमवार को जिले के लगभग 90 स्कूलों के अभिभावकों के साथ, अभिभावक सेवा मंच के पदाधिकारीयो व उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र मित्तल, शिक्षा मंत्री से मुलाकात करने के लिए पहुँचे। 6 साल से कम उम्र के बच्चो को पहली कक्षा में दाखिल ना करने की सरकार की नीति का मुद्दा था। जिस पर शिक्षा मंत्री ने अभिभावकों को सुब्ह 10 बजे का समय दिया था । तब तक अभिभावक शिक्षा मंत्री के पास पहुँचे तो शिक्षा मंत्री बहाना बनाकर निकल गए। मौके पर मौजूद तहसीलदार कृष्ण कुमार से मिल अभिभावकों की समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई । लगभग जिले के हर स्कूल से पहुँचे अभिभावकों ने नये नियम से बच्चों को दोबारा बिना फेल हुए के.जी. क्लास में बैठने का दुख सुनाया।

सुमन बाल्मीकि व अन्य स्कूलों से आईं पचास से अधिक बच्चों की



माताओं ने अपने बच्चों का साल, पूरे साल की बस फीस, एनुअल चारजिस, स्कूल फीस, टयूशन फीस, किताबें, कापियां, स्टेशनरी आदि बर्बाद होने का खतरा बताया कई स्कूलों का एक-दो दिन में रिजल्ट आने वाला है। इसे लेकर संजय मित्तल व दीपक कपूर ने एक दो दिन में ही इस नियम को समाप्त करने का अल्टीमेटंम दिया। उन्होंने कहा कि यह नियम सीधे तौर पर स्कूलों के साथ मिलकर तैयार किया गया है और पूरे देश में सत्ताधारी पार्टी स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों की जेबों पर डाका डालने का काम कर रही है जोकि बहुत गलत है।

महेन्द्र मित्तल ने कहा यदि यही हाल रहा तो आने वाले चुनावों में सत्ताधारी पार्टी के बड़े-बड़े धुरंधर नेता भी जीतना तो दूर अपनी जमानत भी नहीं बचा पायगे। सुमन बाल्मीकि ने भी बताया कि एक साल से भी अधिक समय से हमने 58 स्कूलों की हुई जांच को सार्वजनिक करने के लिए कहा परन्तु सरकार निजी स्कूलों से मिलीभगत कर आगामी चुनावों के लिए स्कूलों से चंदा बटोरने का कार्य कर रही है। बच्चों की शिक्षा पर सिर्फ कागजी योजनाएं चला रही है। चिराग योजना और फार्म 134 के तहत दाखिले के लिए बच्चों के माता -पिता को धक्के खाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। दानव रूपी कई निजी स्कूलों के संचालक सरकार से पिछली पेमेंट न मिलने का बहाना बना ऐन वक्त पर इन्कार कर देते हैं। चिराग योजना में सरकार की मंशा पर तो सरकारी अध्यापक तक सवाल उठा चुके हैं कि आने वाले सालों में फंड खत्म होने का बहाना करके इस योजना को बंद कर देगी। मंच के पदाधिकारी संदीप गांधी व विपिन गुप्ता ने तहसील दार को सिलसिलेवार बताया कि कैसे पिछले साल से अनशन के बाद 58 स्कूलों की जांच हुई और जांच करने में भी नखरे किये गये बाद में जांच के कम्पाईल न होने का बहाना बनाया गया, फिर रिपोर्ट पंचकुला निदेशालय को भेजने की बात कर नहीं सार्वजनिक की गई । अभिभावक इस मुद्दे को लेकर सेवा मंच के सदस्य पंचकूला 2 बार गये लेकिन निदेशक गणेशन ने दुर्व्यवहार करते हुए सभी अभिभावकों को बाहर कर दिया । अगली बार एडिशनल डायरेक्टर कालिया ने भी रिपोर्ट आर. टी. आई. के माध्यम से प्राप्त करने का आदेश सुना निराश कर अभिभावकों को खाली हाथ वापिस भेज दिया। इसी साल 9 फरवरी को महेन्द्र मित्तल के नेतृत्व में पेरेन्टस फिर शिक्षा मन्त्री से मुलाकात कर रिपोर्ट मांगने गये। वो भी टाल-मटोल कर जांच बहाना बनाने लगे । थक-हार कर सेवा मंच ने 15 फरवरी को आर टी आई लगाई जिसकी रिपोर्ट एक महीना होने को है आज तक नहीं आई । अभिभावकों ने शेम-शेम करते हुए जमकर सत्ताधारी पार्टी को कोसा और चेतावनी देते हुए कोर्ट व सडक पर सरकार को घसीटने की बात की। नायब तहसीलदार के पास सिवाए इसके कोई जवाब देते नहीं बन रहा था कि मेरे संग्यान में यह मुद्दा नहीं है मैं मन्त्री जी को आपकी शिकायत दे दूँगा। इस पर सभी स्कूलों के अभिभावक संतुष्ट नहीं हुए और एक दो दिन बाद दोबारा आने को बोलकर आगामी चुनावों में सत्ता से बाहर करने का मन बना लौट आए।

## संपादकीय

### प्रदूषण का दाग

यह खबर परेशान करती है कि भारत दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों की सूची में आठवें स्थान पर है। यह स्थिति हमें दुनिया के तमाम पिछड़े व गरीब मुल्कों के करीब खड़ा करती है। साथ ही बताती है कि गाल बजाते नीति-नियंता जमीनी हकीकत के मामले में विफल साबित हुए हैं। मंगलवार को पूरी दुनिया में हवा की गुणवत्ता की जांच करने वाली स्विस एजेंसी आई.क्यू एअर ने वायु प्रदूषण की वैश्विक स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। कुल 131 देशों की वायु गुणवत्ता की स्थिति के मूल्यांकन का आंकड़ा करीब तीस हजार ग्राउंड बेस मॉनिटरों के जरिये जुटाया गया। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित बीस शहरों में 19 एशिया के हैं। हमारे लिये बड़ी फिक्र की बात यह कि इन शहरों में 14 भारत के हैं। उल्लेखनीय है कि भारत पिछले साल दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में पांचवें स्थान पर था। सुधार की एक वजह यह है कि प्रदूषण नापने की इकाई यानी पी.एम् 2.5 में भी गिरावट आई है। इसके बावजूद भारत की वायु गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर निर्धारित मानकों की तुलना में बहुत ज्यादा खराब है। इस बार दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी नहीं है। इसकी वजह है नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली का मूल्यांकन अलग-अलग ढंग से किया गया। यदि तकनीकी तौर पर दिल्ली को दो भागों में न बांटा गया होता तो शायद यह दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी होती। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे नंबर पर और नई दिल्ली 9वें स्थान पर है। दरअसल, हम अनियोजित विकास की त्रासदियों का दंश झेल रहे हैं। इसमें जहां हमारे नेतृत्व की उदासीनता शामिल हैं, वहीं उद्योग व कारोबारियों का पर्यावरण के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार भी। निस्संदेह, लोगों की उदासीनता तथा उत्तरदायित्व का अभाव भी समस्या का एक घटक है।

वैसे हालिया सर्वे का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि दिल्ली के मुकाबले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण कुछ सुधरा है। खासकर हरियाणा के औद्योगिक शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश के शहरों नोएडा,गाजियाबाद आदि में वायु गुणवत्ता में सीमित सुधार देखा गया है। ताज नगरी आगरा की स्थिति में भी सुधार हुआ। इसके बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप स्थिति अच्छी नहीं है। कई रिपोर्टें लोगों की जीवन प्रत्याशा प्रदूषण से कम होने की बात कहती हैं। खासकर सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों और बच्चों को इससे ज्यादा खतरा बना हुआ है। वहीं बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ी हैं। दरअसल, वायु गुणवत्ता में गिरावट का यह ट्रेंड पूरे दक्षिण एशिया की तस्वीर उकेर देता है क्योंकि दुनिया के 100 प्रदूषित शहरों में 72 दक्षिण एशिया के हैं। खासकर भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश के हैं। यही वजह है कि स्विस एजेंसी अपनी रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताती है। निस्संदेह यह स्थिति असहज करने वाली है। सत्ताधीशों को इस दिशा में कारगर योजना के साथ आगे बढ़ना होगा कि प्रदूषण कटौती के लिये व्यावहारिक उपायों के लिये कैसे संसाधन जुटाये जाएं और कैसे योजना का क्रियान्वयन किया जाये। निस्संदेह, इस समस्या से निबटने के लिये वर्षपर्यंत तंत्र को सक्रिय रहना होगा। केंद्र व राज्यों को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की भी नये सिरे से समीक्षा करनी होगी। जिसमें प्रदूषण से निबटने के प्रयासों में स्थानीय निकायों की बड़ी भूमिका निर्धारित करनी होगी। नागरिक के तौर भी लोगों से जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जानी चाहिए। उन्हें अहसास होना चाहिए कि हमारे गैर-जिम्मेदार व्यवहार से कई रोगियों, बुजुर्गों तथा बच्चों के जीवन का जोखिम बढ़ सकता है। इस बात की नये सिरे से समीक्षा होनी चाहिए कि कौन से घटक ज्यादा प्रदूषण पैदा करते हैं। साथ ही नीति-नियंताओं को आग लगने पर कुंआ खोदने की प्रवृत्ति से भी बचना होगा। अब चाहे वाहनों का कार्बन उत्सर्जन हो, निर्माण की धूल हो, फसलों-कचरे का निस्तारण हो या जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन का प्रश्न हो, समस्या को समग्र दृष्टि से देखने की जरूरत है। निस्संदेह, ठोस योजना के साथ प्रदूषण से लड़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी है।



तिलक राज शर्मा
संपादक

### आफत में किसान

प्याज उगाने वाले किसान खासकर महाराष्ट्र के किसान बंपर फसल के बावजूद इन दिनों बेहद परेशान हैं। इसका कारण यह है कि उपज ज्यादा हो जाने से उनकी फसल को कोई नहीं पूछ रहा। किसानों के लिए खेती की लागत तक निकालना मुश्किल हो गया है। भारी नुकसान के बाद बड़ी तादाद में किसान सरकार को अपना दुखड़ा सुनाने नासिक से मुंबई की लंबी पदयात्रा पर निकले हैं। वे फौरन वित्तीय राहतग निरंतर बिजली सप्लाई और कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं। पदयात्रा में 10,000 किसान शामिल हैं। किसानों की अन्य मांगों में प्याज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था के अलावा बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल के लिए हर्जाना, कर्ज माफी, बिजली बिल माफी, कम से कम 12 घंटों की निरंतर बिजली सप्लाईग वन अधिकार कानून का पालन आदि मांगें शामिल हैं। महाराष्ट्र के लासलगांव में देश की सबसे बड़ी प्याज मंडी है। वहां फरवरी के शुरु आती दिनों में प्याज 1,151 रुपए क्विंटल बिक रहा था लेकिन अगले तीन हफ्तों के अंदर दाम गिर कर 550 रुपयों पर आ गए। राज्य में कहीं कहीं पर तो दाम 200 से लेकर 400 रुपयों तक गिर गए थे। फसल को मंडियों तक ले कर जाने का खर्च अलग होता है जिससे लागतऔर बढ़ जाती है। 1200 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल का भाव नहीं मिलता तो कमाई होने के बजाए उन्हें घाटा उठाना पड़ता है। यहां घाटे से आजिज अनेक किसानों ने होली पर प्याज के ढेरों की ही होलिका जला दी थी। नाफेड पिछले कुछ समय से सीधे किसानों से प्याज खरीद रही है लेकिन किसान नाफेड के खरीद भावों से कतई संतुष्ट नहीं हैं। पदयात्रा शुरू होने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने नुकसान झेल चुके किसानों के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल हर्जाने की घोषणा की, लेकिन किसानों की मांग 600 रुपए प्रति क्विंटल की है। आलू को लेकर खबरें तो और भी चिंताजनक हैं। आलू की बंपर फसल बाजार में आ चुकी है लेकिन खरीदार नहीं मिल रहे। दाम 20 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। उत्तर प्रदेश में किसानों का कहना है कि जहां उनकी लागत 10 रुपए किलो है, वहीं उन्हें दाम चार से छह रुपए किलो ही मिल रहे हैं। सरकार को समय रहते हस्तक्षेप करना चाहिए नहीं तो आलू किसानों को भी प्याज किसानों की तरह ही भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।



## सूक्ति

आप ईश्वर में तब तक विश्वास नहीं, कर पाएंगे जब तक आप अपने आप में विश्वास नहीं करते।
– स्वामी विवेकानन्द

मानव हृदय में घृणा, लोभ और द्वेष वह विषैली घास हैं जो प्रेम रूपी पौधे को नष्ट कर देती है।
– सत्यसाईं बाबा

## चिंतन-मनन

### ईश्वर को पाने के लिए प्रेम मार्ग से गुजरना होगा

प्रेम शक्ति भी है और आसक्ति भी। जब व्यक्ति का प्रेम कामना रहित होता है तो यह शक्ति होती है और जब प्रेम में किसी चीज को पाने का लोभ रहता है तो यह आसक्ति बन जाती है। सच्चा प्रेम वह होता है जो प्रेम में किसी प्रकार का लोभ और किसी चीज को पाने की कामना नहीं रखता है। ऐसा व्यक्ति प्रेम में ऐसा कमाल कर जाता है कि, बड़े से बड़े बलवान और धनवान उसके आगे घुटने टेक देते हैं। मीराबाई को दिया गया जहर असरहीन होना। ध्रुव को पहाड़ की चोटी से गिराने पर भी बच जाना, प्रह्लाह का आग के शोलों में भी मुस्कुराते हुए रहना और तुलसीदास का उफनती नदी को पार कर जाना यह प्रेम की शक्ति का उदाहरण है। संतजन कहते हैं कि जिसके हृदय में सच्चा प्रेम होता है वही व्यक्ति ईश्वर का भक्त हो सकता है। जरूरत है बस प्रेम की चाहे वह पैसे से हो, किसी स्त्री से, बच्चे से या अन्य सांसारिक वस्तुओं से।

अगर हृदय में प्रेम होगा ही नहीं तो ईश्वर क्या संसार में किसी चीज से लगाव हो ही नहीं सकता। भगवान से प्रेम करना वास्तव में उसी प्रकार है जैसा एक दिशाहीन गाड़ी को सही दिशा देना। संत श्री गोकुलनाथ जी ने कहा है कि जिसके हृदय में प्रेम का अंकुर होता है उस व्यक्ति को भक्ति की ओर प्रेरित किया जा सकता है, क्योंकि प्रेम का वृक्ष तभी उग सकता है जब प्रेम का बीज, प्रेम का अंकुर हृदय में मौजूद हो। बिना बीज के खेती भला कैसे हो सकती है।

इस संदर्भ में एक कथा है कि एक बार संत श्रीगोसाईं गोकुलनाथ जी के यहां एक धनवान व्यक्ति बहुत सारा धन लेकर शिष्य बनने की कामना से आया। गोसाईं जी ने उस व्यक्ति से पूछा कि क्या तुम्हारा कहीं किसी वस्तु पर ऐसा स्नेह है, जिसके बिना तुम्हारा मन व्याकुल हो जाता हो। उस व्यक्ति ने उत्तर दिया मेरा कहीं किसी वस्तु में तनिक भी स्नेह नहीं है। उत्तर सुनकर गोसाईं जी ने कहा कि फिर तो हम तुम्हें दीक्षा कदापि नहीं दे सकते। तुम किसी और गुरू को ढूंढ लो। भक्तिमार्ग में प्रेम ही प्रधान है। व्यक्ति का जो प्रेम संसार से होता है, दीक्षा शिक्षा से उसी को पलटकर भगवान में लगा दिया जाता है। जब तुम्हारे हृदय में कहीं प्रेम है ही नहीं तो भगवान के प्रेम से भला कैसे सराबोर हो सकते है।

# भारत यक़ीनन पूरा करेगा अपना एनेर्जी इंडेपेंडेंस का लक्ष्य-अमेरिकी ऊर्जा विभाग



साल 2047 तक भारत अपना ऊर्जा स्वतंत्रता का सपना सच कर सकता है। दरअसल अमेरिकी ऊर्जा विभाग के लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी (बर्कले लैब) द्वारा जारीपाथ्वेज़ टु आत्मनिर्भर भारत नाम के एक नए अध्ययन के अनुसार भारत में सस्ती होती क्लीन एनेर्जी टेक्नोलोजी और रिन्यूबल और लिथियम के क्षेत्र में तेज़ विकास के मिश्रित प्रभाव से लागत प्रभावी एनेर्जी इंडिपेंडेंस का सपना हो सकता है साकार।

भारत के तीन सबसे अधिक ऊर्जा गहन क्षेत्रों (बिजली, परिवहन और उद्योग) को परखते हुए, अध्ययन ने पाया किया कि इस ऊर्जा स्वतंत्रता को प्राप्त करने से महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरण और ऊर्जा लाभ भी उत्पन्न होंगे। इन लाभों में शामिल हैं 2047 तक 2.5 ट्रिलियन की उपभोक्ता बचत, 2047 तक फोसिल फ्यूल आयात खर्च को 90% या 240 बिलियन प्रति वर्ष कम करना, विश्व स्तर पर भारत की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना और भारत की नेट-ज़ीरो प्रतिबद्धता को समय से पहले हासिल करना।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और तेज आर्थिक विकास की बदौलत आने वाले दशकों में इसकी ऊर्जा मांग चौगुनी हो जाएगी। वर्तमान में, भारत को अपनी जरूरतें पूरा करने के लिए खपत का 90% तेल, 80% औद्योगिक कोयला, और 40% प्राकृतिक गैस का आयात करना होता है। ऐसे में वैश्विक ऊर्जा बाजारों में मूल्य और आपूर्ति की अस्थिरता भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव डालती है, जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था पर बढ़ी मुद्रास्फीति का असर होता है।

निकित अभ्यंकर, बर्कले लैब वैज्ञानिक और अध्ययन के प्रमुख लेखक, इस अध्ययन के नतीजों को समेटते हुए कहते हैं, 卐भारत में क्लीन एनेर्जी के लिए इससे बेहतर वक़्त अब तक नहीं रहा है। भारत ने रिन्युब्ल एनेर्जी की दुनिया में सबसे कम कीमतों को हासिल किया है और दुनिया के कुछ सबसे बड़े लिथियम भंडार पाए हैं। यह सीधे तौर पर भारत को लागत प्रभावी ऊर्जा स्वतंत्रता की ओर ले जा सकता है।और यह आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से भी लाभप्रद है।

अध्ययन से पता चलता है कि भारत के इस ऊर्जा स्वतंत्रता मार्ग में शामिल होगा साल 2030 तक 500 न्न्ङ्ख से अधिक गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित करना। सरकार ने यह लक्ष्य पहले ही घोषित किया हुआ है। इसके बाद, 2040 तक 80% क्लीन ग्रिड, और 2047 तक 90% स्वच्छ ग्रिड। वहीं साल 2035 तक लगभग 100% बिकने वाले नए वाहन इलेक्ट्रिक हो सकते है। साल 2047 तक भारी औद्योगिक उत्पादन भी मुख्य रूप से ग्रीन हाइड्रोजन और विद्युतीकरण पर निर्भर हो सकता है। इसमें 2047 तक 90% लोहा और स्टील, 90% सीमेंट, और 100% उर्वरक इस बदलाव से उत्पादित होंगे। नए इलेक्ट्रिक वाहनों और ग्रिड-स्केल बैटरी स्टोरेज सिस्टम के निर्माण के लिए आवश्यक (2040 तक अनुमानित 2 मिलियन टन) अधिकांश लिथियम नए खोजे गए भंडार का उपयोग करके घरेलू स्तर पर उत्पादित किया जा सकता है। इसके अलावा, भारतीय उद्योग को ईवी और ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग जैसी स्वच्छ तकनीकों की ओर बढ़ने की उम्मीद है। भारत दुनिया के सबसे बड़े ऑटो और स्टील निर्यातकों में से एक है, यूरोपीय संघ के देशों में उनके सबसे बड़े बाजार कार्बन तटस्थता और संभावित कार्बन सीमा समायोजन शुल्क के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रिपोर्ट के सह लेखक, अमोल फडके कहते हैं, भारत के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को आने वाले दशकों में 3 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता है। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि लागत प्रभावी और स्वच्छ नई ऊर्जा को प्राथमिकता देना दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। भारत स्वच्छ ऊर्जा परिनियोजन का विस्तार करने के लिए निर्धारित मौजूदा नीतिगत ढांचे का लाभ उठा सकता है।

अध्ययन में पाया गया है कि भारत के पास क्लीन एनेर्जी भविष्य के लिए छलांग लगाने का एक अनूठा लाभ है क्योंकि इसके ऊर्जा बुनियादी ढांचे का बड़ा हिस्सा अभी तक निर्मित नहीं हुआ है। भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग मौजूदा जीवाश्म ऊर्जा संपत्तियों को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने के लिए पंद्रह वर्षों का एक महत्वपूर्ण रनवे प्रदान करती है। यह परिवर्तन सबसे अधिक प्रभावित समुदायों के साथ मिलकर करने के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिससे देश के कार्यबल के लिए एक समान परिवर्तन सुनिश्चित होगा।

इस ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत समर्थन की आवश्यकता होगी, जिसमें स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के लिए तैनाती के आदेश, हरित हाइड्रोजन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए वित्तीय और नीतिगत समर्थन और घरेलू विनिर्माण क्षमता में निवेश शामिल है।


बर्कले लैब की सह-लेखिका और शोधकर्ता प्रियंका मोहंती ने कहा, 卐 हमने अपने अध्ययन के नतीजों में देखा है कि भारत आने वाले दशकों में एक महत्वाकांक्षी ऊर्जा परिवर्तन की शुरुआत करेगा। अच्छी बात यह है कि ट्रांज़िशन का लंबा ट्रैक स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को रणनीतिक रूप से तैनात करने और एक सही ट्रांज़िशन के लिए योजना बनाने के लिए बढ़िया समय देता है।卐

साल 1931 में स्थापित लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी और इसके वैज्ञानिकों को 16 नोबेल पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। आज, बर्कले लैब के शोधकर्ता न सिर्फ स्थायी ऊर्जा और पर्यावरणीय समाधान विकसित करते हैं, बल्कि उपयोगी नए मटीरियल बनाते हैं और कंप्यूटिंग की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। यह लैब जीवन, पदार्थ और ब्रह्मांड के रहस्यों की जांच भी करती है। दुनिया भर के वैज्ञानिक अपनी खोज के लिए इस लैब की सुविधाओं पर निर्भर हैं। बर्कले लैब एक मल्टीप्रोग्राम राष्टीय प्रयोगशाला है, जिसका प्रबंधन अमेरिकी ऊर्जा विभाग के विज्ञान कार्यालय के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है।

इन बातों के दृष्टिगत इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत वाकई एनेर्जी इंडिपेंडेंस कि अपनी परिकल्पना ससमय साकार कर लेगा।

## विचार-मंथन

### अपने ही बुने मकड़जाल में फंसती जा रही है भाजपा



सनत जैन



संसद के बजट सत्र का दूसरा सत्र शुरू हो गया है। लेकिन एक दिन भी संसद की कार्यवाही मे कोई काम नहीं हो पाया। सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग पर संसद में हंगामा बरपा रखा है। वहीं विपक्ष ने भी हिंडन बर्ग की रिपोर्ट के आधार पर अडानी समूह की गड़बड़ियों की जांच को मुद्दा बनाकर संसद मैं हंगामा कर संसद के दोनों सदनों को अखाड़े के रूप में तब्दील कर दिया है। लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति अब सदन के अध्यक्ष हों, ऐसा लगता नहीं है। वह सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए नजर आते हैं। दोनों सदनों के अध्यक्ष और सभापति का विपक्ष के ऊपर कोई प्रभाव नहीं दिखता है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति संसद मे दंड प्रक्रिया के तहत विपक्ष को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे विपक्ष अब पूरी तरह से आक्रमक होकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गया है। जिसके कारण एक बार फिर 1975 जैसी स्थितियां देश में निर्मित होने लगी हैं। राज्यसभा में सरकार के 26 विधेयक और लोकसभा में 9 विधेयक लंबित हैं। सरकारी कामकाज भी नहीं हो पा रहा है। सदन को चलाने मे सत्ता पक्ष में भी कोई प्राथमिकता नहीं दिखती है। सत्तापक्ष भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष की तरह नारेबाजी और अपनी जिद में अड़ा हुआ है। जिसको लेकर स्थितियां और भी खराब होती जा रही हैं। राहुल गांधी के ब्रिटेन दौरे पर उन्होंने जो बातें कही हैं। उसको लेकर विपक्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के व्यक्तत्व का उदाहरण देते हुए, स्पष्ट कर दिया है, कि जो बातें राहुल गांधी ने कहीं हैं। उसके पहले जब वर्तमान सत्ता पक्ष विपक्ष में था। तब विदेश में जाकर इस तरह की बातें करते थे। इसे कभी भी देश के सम्मान या राष्ट्रद्रोह से नहीं जोड़ा गया। प्रमाणिक तौर पर अरुण जेटली के कथन का उदाहरण प्रस्तुत किए जाने के बाद भी सत्ता पक्ष मानने के लिए तैयार नहीं है। वह राहुल गांधी से सदन में माफी मंगवाने पर अड़ा हुआ है। इसी तरह विपक्ष भी हिंडन बर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी के खिलाफ जेपीसी की मांग पर अड़ा हुआ है। ईडी द्वारा विपक्षी नेताओं के परिवारों पर निरंतर जो छापे जेपीसी की मांग के बाद डाले गए हैं। उसने भी विपक्ष को एहसास करा दिया है, कि सरकार अडानी मामले की जांच नहीं कराने, तथा विपक्षी नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है। विपक्ष के नेता भी अपने बचाव के लिए अब हर स्तर पर निपटने के लिए तैयार हो गए हैं। विपक्षी दलों ने सरकार के इस कथन पर कि ईडी स्वतंत्र तरीके से काम करती है। इसको लेकर अब केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को भी सीधे निशाने पर ले लिया है। विपक्षी सांसद एकजुट होकर केंद्रीय पर्यटन निदेशालय के पास शिकायतों का प्रमाणिक दस्तावेज लेकर पहुंचे। ईडी कार्यालय में जाने से पुलिस ने रोक दिया। धारा 144 लगा दी। विपक्ष की रणनीति में अब ईडी और सीबीआई को घेरने की तैयारी कर ली है। सारा विपक्ष एकजुट है। जिसके कारण सरकार के साथ-साथ अब स्वतंत्र जांच एजेंसियाँ भी विपक्ष के निशाने पर आ गई हैं। देश में पहली बार सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने अस्तित्व की लड़ाई संसद के अंदर और संसद के बाहर लड़ने के लिए विवश हो गए हैं। सांसद एक अखाड़े के रूप में तब्दील हो गई है। संसद के अंदर सत्ता पक्ष या विपक्ष अपने प्रतिद्वंदी को हराने के लिए हर दांव आजमा लेना चाहता है। अब देखना यह है कि इसमें जीत किसकी होती है। निश्चित रूप से सत्तापक्ष ताकतवर होता है। लेकिन जिस तरह दांव पेंच विपक्ष आजमा रहा है। उससे सत्ता पक्ष स्वयं अपने ही दांव पेंच में फँसता हुआ नजर आ रहा है। एक बार फिर देश में 1975 जैसी स्थितियां निर्मित हो गई हैं। जहां आपातकाल के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने आपको बचाने का प्रयत्न किया था। उस समय भी सारा विपक्ष एकजुट होकर इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए संकल्पित था। इस बार अडानी के खिलाफ जेपीसी की मांग और ईडी की कार्रवाई को लेकर विपक्ष एकजुट और आक्रमक होकर, अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता हुआ दिख रहा है। इस स्थिति को देखते हुए सारा देश चिंतित है।

## आलेख

### नेमप्लेट से क्यों दूर है अबतक आधी दुनिया

आर.के. सिन्हा

पिछली आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिलाओं को घर और घर से बाहर, उनके जायज हक देने को लेकर तमाम वादे किए गए और अनेक बातें भी हुईं। यह तो हर साल ही इस तारीख को होता है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। यह सब आगे भी होता ही रहेगा। पर अफसोस कि घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए अबतक कोई जगह नहीं है। हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर ही मेहनत करते हैं और फिर होम लोन भी मिलकर ही लेने लगे हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। यह बात अपने आप में सौ फीसद सही भी है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह किसी न किसी मातृशक्ति का रोल रहता है। पर, उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में थोड़ी सी जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग अबतक बहुत कम ही लोग हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा।

कोई माने या ना माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। मुझे हाल ही में एक अध्ययन के निष्कर्ष मिले। इसमें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में आधी दुनिया की स्थिति का गहराई से अध्ययन किया गया था। इस रोचक अध्ययन के दौरान राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन, विवेक विहार, आई.पी.एक्सटेंशन और न्यू राजेन्द्र नगर के 160 घरों और फ्लैटों के बाहर लगी नेम प्लेट को देखा गया। इस अभियान के दौरान कई चौंकाने वाले, तो कुछ नए तथ्य सामने आए। इन सभी कालोनियों में खाते-पीते और पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। इन 160 घरों में सिर्फ 23 घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में महिलाओं के नाम मिले। इनमें भी 11 नेमप्लेट में महिलाओं के नाम घर के पुरुष सदस्यों के नामों के साथ थे। इन्हीं 11 में से पांच महिलाओं के नामों के आगे डॉ. लिखा था। यानी कि वह मेडिकल पेशे से संबंध रखती हैं। हो सकता है कि किसी ने अन्य विषय में पीएचडी की डिग्री ली हो। तो माना जाए कि जिन लोगों ने अपने घर की महिला सदस्यों के नाम डॉक्टर न होने के बावजूद नेमप्लेट में रखे, वे वास्तव में अलग तरह के लोग हैं। ये आदरणीय हैं। इसके साथ ही वकालत के पेशे से जुड़ी महिलाओं के नाम भी नेमेप्लेट में जगह पा जाते हैं। आप मुंबई, पटना, रांची, चंडीगढ़ या देश के किसी भी छोटे-बड़े शहर में चले जाइये। वहां के किसी आवासीय इलाके में घूमिए। आपको कमोबेश वही स्थिति मिलेगी जो दिल्ली में है। सब जगह आधी दुनिया अन्याय का शिकार हो रही है। उन्हें घर के भीतर न्याय मिलने का फिलहाल तो इंतजार है। मालूम नहीं कि उन्हें कब उनका जायज हक मिलेगा। यह सोचने वाला मसला है। मैंने हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं देखा। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। यह भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं। जो समाज नारी को देवी के रूप में पूज्यनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट तक से दूर रखा जाता है।

यह एक शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रख कर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉरपोरेट जगत में हरेक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं। बहरहाल, जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं आंत्रप्यूनर बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोतरी होती रहेगी।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि महिला दिवस पर आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। पर अब ये सब रस्म अदायगी ही लगने लगा है। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 09 सितंबर 2005 को इस कानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया।

आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती रहती हैं । यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता। इसमें कोई दोराय नहीं हैं कि आज के दौर में कार्यशील महिलाओं का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। वे स्वावलंबी हो रही हैं। पर, अभी आधी दुनिया के हक में लंबी लड़ाई लड़नी है। उन्हें उनका हक देना होगा देश और समाज को। वास्तव में वह समाज कितना बर्बर होता है जो लिंग, धर्म, जाति के आधार पर भेदभाव करता है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# ग्रीन फील्ड आरडब्ल्यूए के प्रधान पर मुकदमा दर्ज




Faridabad/Alive News

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की जनसभा से वापस लौट रहे बीजेपी समर्थक विकास भड़ाना के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसमें विकास भड़ाना ने आरोप लगाया है कि बिंदे उसके बेटे व तीन -चार बदमाशों ने विकास भड़ाना के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले की एफआईआर सूरजकुंड थाने में दर्ज हुई है। विकास भड़ाना ने पुलिस आयुक्त से उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 4 मार्च को ग्रीन फील्ड कॉलोनी में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर विकास कार्यों को गति देने के लिए कॉलोनी के लोगों के साथ जनसभा थी। जिसमें विकास भड़ाना और बिंदे की किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई थी। पुलिस को दी शिकयत में विकास ने बताया कि जनसभा खत्म होने के बाद विकास भड़ाना अपनी कार से वापस ग्रीन फील्ड ऑफिस लौट रहे थे। रास्ते में ही बिन्दे और उसके बेटे विवेक, अंकुर, पन्नू, सुंदर सहित 4 बदमाशों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। जिसके बाद उनसे अपशब्द कहे और हाथापाई शुरू कर दी। मार-पीट देख सतीश व अन्य लोगों ने बचाय। जिसके बाद निकलते हुए बिंदे के बेटे ने विकास को धमकी दी कि उसे जान से मार देंगे। विकास भड़ाना ने पुलिस से अपील की है कि उक्त लोग बदमाश प्रवर्ती के है। इनके खिलाफ कई बार मुकदमे दर्ज हो चुके है । उक्त लोगो से मुझे जान का खतरा है। मेरी और मेरे परिवार की जान-माल की सुरक्षा की जाये।

# पृथला से शुरू हुई परिवर्तन पदयात्रा, भारी संख्या में उमड़े समर्थक

Faridabad/Alive News



इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव व विधायक चौ.अभय सिंह चौटाला की हरियाणा 'परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार' रविवार को पंद्रहवें दिन जिला फरीदाबाद के पृथला हलके के गांव धतीर से शुरू हुई। पृथला में गांव की पूरी सरदारी ने अभय सिंह चौटाला व यात्रा में शामिल नेताओं व समर्थकों का स्वागत किया।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आपराधिक वारदातों से हरियाणा दहल रहा है। 27 प्रतिशत आपराधिक दर के साथ हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। भाजपा ने 2022 तक किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था। किसान आज कर्ज से कराहा रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के 21 लाख किसान कर्जदार हैं।

आज सरकार की परिवार पहचान पत्र योजना परेशान पहचान पत्र योजना बन गई है। परिवार पहचान पत्र के नाम पर 1 लाख 61 हजार लोगों के पीले कार्ड काट दिए गए। बुजुर्गों की पैंशन पर कैंची चला दी गई। इस सरकार से किसान, व्यापारी, युवा, कर्मचारी, मजदूर सभी वर्ग निराश हैं और 2024 में इस बेरहम सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुके हैं।

चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज जनता बदलाव चाहती और इसी बदलाव के उद्देश्य से ही उन्होंने परिवर्तन यात्रा निकालने की पहल की है। वे हर रोज 20-22 किलोमीटर पैदल चलते हैं और 10 से 12 गांवों में जाते हैं। लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है और यह जाहिर करता है कि 2024 में इनेलो की सरकार बनना तय है। सरकार बनने पर प्रत्येक घर से एक युवा को नौकरी देंगे और बेरोजगारों को 21 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे।

चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा में 34.1 प्रतिशत बेरोजगारी दर है। किसानों को फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा है। रोजमर्रा की वस्तुएं गृहिणियों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। चुने हुए प्रतिनिधियों के अधिकार छीने जा रहे हैं। पहले तो सरकार ने एक साजिश के तहत दो साल तक पंचायतों के चुनाव नहीं करवाए और अब चुने हुए प्रतिनिधियों को ताकत देने की बजाय उनकी शक्तियां कम की जा रही हैं। हरियाणा के 6 हजार से अधिक सरपंच व चुने हुए 62 हजार ग्राम पंचायत सदस्य भी इस सरकार को 2024 में आईना दिखाने का काम करेंगे। इनेलो पार्टी में शामिल होने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा।

आज रेवाड़ी में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी सुजान सिंह, भाजपा जाटुसाना पूर्व मंडल अध्यक्ष शक्ति सिंह व राष्ट्रीय हिंदू शेरसेना प्रदेशाध्यक्ष विकास शर्मा (हलका कोसली) ने इनेलो का दामन थामा।

# नेशनल मास्टर गेम में मेडल जीतने पर एसपीओ किरण बाला को पुलिस आयुक्त ने दी बधाई



Faridabad/Alive News

पुलिस आयुक्त ने नेशनल मास्टर गेम में मेडल जीतने पर किरण बाला को बधाई दी गई है। किरण बाला 2017 में बतौर एसपीओ फरीदाबाद पुलिस में भर्ती हुई थी। किरण जिला चरखी दादरी की रहने वाली है। अभी कोतवाली थाना में एसपीओ पद पर जनरल ड्यूटी के लिए तैनात है।



किरण बाला एसपीओ

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नेशनल मास्टर गेम की पाचवीं प्रतियोगिता का आयोजन 11 फरवरी से 14 फरवरी के बीच आयोजित था। किरण बाला ने वाराणसी में होने वाले 5 वें नेशनल मास्टर गेम की प्रतियोगिता में हैंडबॉल और बास्केटबॉल में हिस्सा लिया। हैंडबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल तथा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

उन्होने बताया है वाराणसी में आयोजित 5 वें नेशनल मास्टर गेम में हैंडबॉल में गोल्ड और बास्केटबॉल में सिल्वर मेडल जीतने पर किरण बाला को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने प्राप्त किया साई बाबा का आशीर्वाद



Faridabad/Alive News

रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बडख़ल विधानसभा से प्रत्याशी विजय प्रताप ने लकड़पुर दयालबाग में आयोजित साई संध्या में आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने साई संध्या में 51000 का सहयोग दिया। विजय प्रताप ने कहा कि ईश्वरीय सत्ता हर युग हर काल में इस धरा पर अपने भक्तों का उद्धार करने आती है। साई बाबा भी जो भगवान भोले नाथ के अवतार माने जाते हैं उन्होंने भी सिरडी में अवतार लेकर अपने भक्तों का कल्याण किया। आज इतने वर्ष हो गए उनको धरा धाम में गए, लेकिन उनके सिद्धांत वो ज्ञान, आज भी सभी को प्रकाशित कर रहा है। इसके अतिरिक्त विजय प्रताप ने 2-3 चौक पर आयोजित महाकिर्तन समागम गुरुद्वारा पंचायती में भी भाग लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर पार्षद जितेंद्र भड़ाना, छोटे लाल, सुख दयाल, भाटिया सेवक समाज के प्रधान मोहन सिंह भाटिया सहित अन्य उपस्थित मौजूद रहे।

# हरियाणा कृषि विकास मेले में प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित : उपायुक्त

Faridabad/Alive News

10 से 12 मार्च तक चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रांगण में हरियाणा कृषि विकास मेले का आयोजन किया गया जिसमें फरीदाबाद जिले के 18 किसानों ने उत्कृष्ट कार्यो के लिए सरकार द्वारा सम्मान प्राप्त किया। सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र व पारितोषिक पाकर किसान गौरान्वित महसूस कर रहें है। इन किसानों ने जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है व जिले के अन्य किसानों के लिए एक मिसाल पेश की है।

हरियाणा सरकार द्वारा चुने गये किसानों में कृषि के साथ-साथ पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन के क्षेत्र में विशेष योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा मेले में 12 मार्च को सम्मानित किया। इसमें राज्य स्तरीय पुरस्कार मुकेश कुमार यादव, पुत्र राम सरन गांव मंझावली को दिया गया। जिसकी धनराशि 3 लाख रुपये थी। इसके साथ-साथ सान्तवना पुरूस्कार जागेराम पुत्र ,दयाराम गांव मंधावली, ठाकरदास , बुचा सिंह गांव षाहबाद, मितेष कुमार दलाल पुत्र , गोविन्दराम



दलाल गांव प्याला, चन्द्रपाल पुत्र , पूरन सिंह गांव मोहना, मनोज, रविन्द्र गांव षाहजहाँपुर, षिव दत्त शर्मा, मोहन लाल गांव हीरापुर, अनिल कुमार, रिशीपाल गांव दयालपुर, गंगाराम , भीम सिंह गांव अटेली, अमरचन्द ,गंगादान गांव मंझावली, कमल , पीताम्बर गांव घुरासन, मनोज कुमार , चतर लाल गांव घरोरा, देवेन्द्र, ग्यासी गांव अलीपुर, अजय कुमार, राम महर गांव चिरसी, सूरजसिंह , सरदार सिंह गांव बहादुरपुर, हुकुमसिंह लाम्बा, साहब सिंह गांव जवां, जगेष त्यागी, इन्दर सिंह गांव घरोरा, नरेष कुमार, खचेडू गांव फिरोजपुर कलां।

उप कृषि निदेशक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने फरीदाबाद जिला के इन किसानों की इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि हम वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप बदलाव करके कृषि कार्य करेंगे तो सरकार हर कदम पर ऐसे प्रगतिशील किसानों की सहायता करेंगी। किसान अपनी आमदनी बढाने के लिए अग्रसर होगे तो सरकार को ऐसे प्रगतिशील किसान अपने समर्थन और मार्गदर्षन के लिए उनके साथ खड़ी है। साथ ही उप निदेशक महोदय ने अन्य किसानों से भी अनुरोध किया है कि वो भी इस तरह से अपने आप को सबल बनाये जिससे उनका नाम भी जिले का मान बढ़ाने में अपना योगदान दे सके।

# मानव रचना यूनिवर्सिटी ने कानूनी शिक्षा और प्रशिक्षण की मेजबानी की

Faridabad/Alive News

मानव रचना यूनिवर्सिटी ने हाल ही में वार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा द्वारा आयोजित कानूनी शिक्षा और प्रशिक्षण संगोष्ठी की मेजबानी की। संगोष्ठी का आयोजन व्यावसायिक नैतिकता, आचार संहिता और जनमत न्यायालय पर किया गया था। न्यायमूर्ति बी.एस. वालिया न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और जिला फरीदाबाद के प्रशासनिक न्यायाधीश, और न्यायमूर्ति हरि पाल वर्मा (सेवानिवृत्त) हरियाणा राज्य के लोकायुक्त ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सेमिनार के दौरान एडवोकेट सुवीर सिद्धू, चेयरमैन, वार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा, एडवोकेट सुरिंदर दत्त शर्मा, सह-अध्यक्ष और अध्यक्ष, कानूनी प्रशिक्षण समिति, एडवोकेट गुरतेज सिंह ग्रेवाल, माननीय सचिव, अशोक सिंगला, उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह, सदस्य बीसीआई, रणवीर सिंह ढाका, सह-अध्यक्ष, बलजिंदर सिंह सैनी, सह-अध्यक्ष, राज कुमार चौहान, सह-अध्यक्ष, राजेश बैंसला, अध्यक्ष, डीबीए, ओम दत्त शर्मा, जनरल सेक्रेटरी, डीबीए, मोरध्वज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डीबीए, संजय गुप्ता उपाध्यक्ष, डीबीए, राहुल चेची, अति. सचिव, डीबीए, आशीष कौशिक, संयुक्त सचिव, डीबीए, पवन कुमार, कोषाध्यक्ष, डीबीए, डी.आर. चौधरी, अध्यक्ष, डीटीबीए, राजेंद्र शर्मा, जनरल सचिव, डीटीबीए, दीपक छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डीटीबीए, राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष, डीटीबीए, बृजमोहन सैनी, संयुक्त सचिव, डीटीबीए, विनीत त्यागी, कोषाध्यक्ष, डीटीबीए, कुलदीप सिंह, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, नरेश भट्टी, उपाध्यक्ष, बार एसोसिएशन, उमा शंकर, सचिव, बार



एसोसिएशन, एसके भारद्वाज, को-ऑप्टेड सदस्य, बीसीपीएच, राजन भाटिया, सहयोजित सदस्य बीसीपीएच उपस्थित थे। संगोष्ठी में न्यायिक अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारियों और फरीदाबाद, पलवल और गुरुग्राम के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। स्कूल ऑफ लॉ, एमआरयू के छात्रों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेने का सौभाग्य मिला, जिससे उनकी पेशेवर समझ और कौशल में इजाफा हुआ।

# डीएवी स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



Faridabad/Alive News

बल्लभगढ़ मिल्क प्लांट रोड स्थित डीएवी स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन वी.के चोपड़ा और विशिष्ट अतिथि के रूप में बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद उपस्थित हुए। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के द्वीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुआ। इस मौके पर एस.एस चौधरी, एच.एस मालिक, एस.एस गोसाई, स्कूल के मैनेजर डॉ सतीश आहूजा, डीएवी स्कूल सैनिक कॉलोनी के प्रिंसिपल बिमल कुमार दास, डीएवी स्कूल-37 की प्रिंसिपल दीप्ति जगोता, डीएवी स्कूल-3 की प्रिंसिपल ज्योति दहिया, प्रिंसिपल अनीता गौतम, तरुण, हेमा, सीमा और प्रिया अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित हुए। मुख्यातिथि बी.के चोपड़ा ने डीएवी स्कूल की तारीफ करते हुए कहा कि स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुति दी है जो बहुत सरहानीय है। डीएवी स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे रहा है जो देश के विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण है। स्कूल के मैनेजर सतीश आहूजा ने कहा कि डीएवी शिक्षण संस्थान ऐंग्लोवैदिक शिक्षा पद्ति को शुरू से ही लेकर चल रहा है। जिससे आज़ादी के समय हिंदुस्तान के लोगों को अंग्रेजो का सामना करते हुए यातनाएं सहन की थी। उन्होंने झाँसी के राजा का उदाहरण देते हुए कहा कि अंग्रेजो ने राजा से अंग्रेजी में समझौता नामा लिखकर छ्ल किया था, उसमे संतान ना होने पर रियासत छोड़ने का जिक्र भी अंग्रेजी में लिखा था। जिसके कारण झाँसी में युद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि डीएवी सिर्फ शिक्षा ही नहीं देता बल्कि बच्चों को भारती सस्कारों से भी ओत -प्रोत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में कम पढ़े -लिखे अंग्रेज थॉमस अल्वा एडिसन का भी जिक्र किया। प्रिंसिपल नमिता शर्मा का कहना है कि बच्चों को स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देना बहुत ज्यादा आवश्यक है और यह केवल अपनी भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखकर ही हो सकता है। डीएवी स्कूल सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ -साथ संस्कार भी दे रहा है। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापको के साथ बच्चो के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# सामाजिक सोच की कमी ने महिलाओं को रखा पिछड़ा-रेखा शर्मा

Faridabad/Alive News



राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्य महिला आयोगों के साथ दो दिवसीय फाउंडेशन-सह-इंटरैक्टिव बैठक सोमवार को सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस में शुरू हुई, जिसमें हरियाणा प्रदेश राज्य महिला आयोग का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष रेनू भाटिया ने किया। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा द्वारा की गयी। बैठक का उद्देश्य एनजीओ से आई प्रतिनिधियों को लीगल अवेयरनेस, स्पोर्ट्स, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यालय स्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम जैसे मुद्दों पर जागरूक करवाना है।

इसी कार्यक्रम में सम्मिलित राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि किस तरह से लड़कियों को दैनिक जीवन में अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण क्षमताओं को विकसित करने का एक तरीका है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से लड़कियों के व्यावसायिक विकास में पोषण के महत्त्व से अवगत कराया। केंद्र व राज्य की सरकारें महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बना रही है। इसके लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के मामलों में आयोग और सरकार दोनों ही गंभीर हैं। इस दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर चर्चा की। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि 1 जनवरी 2022 से लेकर 31 दिसंबर 2022 तक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा 75 कार्यक्रम आयोजित करवाए गए जिनमें विभिन्न कार्यक्रम हैं। उन्होंने बताया की हरियाणा में इस बर्ष 2246 केस दर्ज हुए जिनमे से 1775 केस निवारण कर दिया गया है, बचे हुए केसों में कुछ आपसी सहमति से केस ख़त्म हो गए और कुछ केस अभी कोर्ट में पेंडिंग चल रहे हैं। हमारा प्रयास है कि इस वर्ष केसिस कम आएं और उनका निवारण अधिक से अधिक हो जिसके लिए हम पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि पर ज्यादा फोकस किया जायेगा। हम इन विषयों पर 12वी के छात्र-छात्राओं को जागरूक कर रहे हैं क्योंकि स्कूल के बच्चों के साथ यह क्राइम ज्यादा है। कार्यक्रम में केरल महिला आयोग की चेयर पर्सन एडवोकेट पी सती देवी, त्रिपुरा महिला कमीशन की चेयरपर्सन बरनाली गोस्वामी, ओडिशा महिला आयोग की चेयरपर्सन डॉक्टर मिनाती बहरा, असम महिला आयोग की चेयरपर्सन डॉ हेमा पुरवा बोरठाकुर, उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन कुसुम कंडवाल, मणिपुर राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन सलाम उल्का देवी सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# श्रमिकों को सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जा रहा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह



Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत श्रम विभाग के तत्वावधान में 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 4 मार्च से शुरू हुए सुरक्षा सप्ताह, श्रमिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण अभियान को गतिशील बनाना है। साथ ही कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता फैलाना है। सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से श्रमिकों के वर्किंग एरिया को सुरक्षित बनाने के लिए श्रमिकों को शिक्षित किया जा रहा है, ताकि श्रमिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभाग द्वारा संगोष्ठी, कार्यशाला, श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन, विभिन्न सुरक्षा उपायों को लेकर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर श्रमिक नियोजक व श्रम विभाग द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका श्रमिक वर्ग को पूरा फायदा मिल रहा है।

# महिला दिवस के अवसर पर महिला थाना टीम ने निकाली स्कूटी रैली

Faridabad/Alive News

पुलिस महानिदेशक कार्यालय के निर्देशानुसार पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद में महिला दिवस के अवसर पर 10 मार्च को एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका के नेतृत्व में तीनों जॉन के महिला थाना प्रबधक के साथ महिला स्कूटी रैली कर लोगो में महिला का सम्मान करने का संदेश दिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि स्कूटी रैली 1-30 बजे तीनो महिला थाना की महिला पुलिस ने स्कूटी की रैली में भाग लिया। स्कूटी रैली महिला थाना एनआईटी से शुरु होते हुए सेक्टर-21ए रिहायशी एरिया से होते हुए एशियन अस्पताल चौक से मैन बडखल चौक से सेक्टर-21 ए/डी डिवाईडिंग रोड से होते हुए महिला थाना एनआईटी पहुंची है। इस स्कूटी रैली के अवसर पर समाज की अन्य महिलाओं ने भी भाग लिया।

# पत्रकारों के लिए निशुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग की

Faridabad/Alive News

हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेशाध्यक्ष संजय राठी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सभी मीडियाकर्मियों को निश्शुल्क चिकित्सा सुविधा के दायरे में लाने का आग्रह किया है। मान्यता प्राप्त पत्रकारों को निश्शुल्क चिकित्सा की सुविधा प्रदान करना मैदानी पत्रकारों के साथ अन्याय एवं पक्षपात है। एच.यू.जे. अध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि आठ साल से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्रदाय समिति का पुनर्गठन ना किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा मीडियाकर्मियों के सर्वोच्च सदन का गठन ना होना सरकार की उदासीनता और पत्रकारों के प्रति दुराग्रह को दर्शाता है। मान्यता प्रदाय समिति के सदस्य संजय राठी ने कहा कि पत्रकारों को मान्यता प्रदान करने के जटिल नियमों का शीघ्र सरलीकरण किया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा मीडियाकर्मियों को लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि मीडियाकर्मियों के लिए पेंशन की आयु 60 वर्ष की बजाए 58 वर्ष की जाए। इसके साथ ही पेंशन संबंधित नियमों में ढील की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा पत्रकारों को पेंशन की सुविधा मिल सके। एच.यू.जे. अध्यक्ष ने हरियाणा सरकार से अविलम्ब मीडिया एडवाइजर की नियुक्ति का भी अनुरोध किया है ताकि मीडियाकर्मियों और सरकार के मध्य कुशल संवाद सतत बना रहे। इसके साथ ही पत्रकार अपनी समस्याओं और मांगों को प्रभावी रूप से सरकार तक पहुंचा सकें। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजय राठी ने पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों और धमकियों के मद्देनजर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की भी मांग की है। संजय राठी ने सरकार से कोरोना काल के दौरान तथा




उसके बाद मरने वाले पत्रकारों को 20-20 लाख रुपए मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की है। इसके साथ ही पत्रकार कल्याण कोष का विस्तार कर इसकी राशि 50 लाख से बढ़ाकर 50 करोड़ करने का आग्रह किया है। हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि शीघ्र ही मीडिया कर्मियों की मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री और राज्यपाल से भेंट करेगा।

# जीवा पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन, अध्यापकों ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

Faridabad/Alive News



सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में रविवार को विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। बच्चों को विषय चुनने के लिए प्रेरित किया गया। रविवार को आठवीं कक्षा के छात्रों एवं अभिभावकों के लिए परीक्षा परिणाम के साथ-साथ ओरिएंटेशन जिससे कि वे एक उचित विकल्प का चुनाव कर सकें और आने वाली आगे की कक्षा में वे अच्छा प्रदर्शन कर सकें तथा अपने भविष्य का सफल निर्माण कर सकें। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि गुरप्रीत सिंह ने विद्यालय के कुछ अभिभावकों एवं उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान तथा एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव के साथ दीप प्रज्वलित किया। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि अभिभावक बच्चों को कभी भी अपनी संपत्ति न समझे बल्कि वे यह अवश्य समझे कि बच्चों की भी अपनी एक जिंदगी होती है और उन्हें उसी तरह से पोषित करें। उन्होंने बच्चों के करियर से संबंधित अनेक तथ्यों को उजागर किया, इसके साथ-साथ उन्होंने कुछ मूलभूत विषयों को समझाया। कार्यक्रम का आयोजन अभिभावक एवं छात्रों को जागरूक करने के लिए किया गया। छात्रों के मल्टीपल इंटेलिजेंस एवं नेचर प्रवृत्तिद्ध को विशेष रूप से ध्यान में रखकर केन्द्रित किया गया जिससे कि वे उचित दिशा निर्देश को पाकर अपने भविष्य को सुनहरा बना सकें। स्कूल की अध्यापिकाओं ने छात्रों को विषय चुनने में सहायता की तथा उनकी शंकाओं एवं प्रश्नों का भी संतोषजनक समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान भूगोल की अध्यापिका शीतल नारायण ने अभिभावकों को आईसीएसई के पाठ्यक्रम के विषय में बताया। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने विद्यालय के मुख्य सिद्धांतों पर चर्चा की और बताया कि विद्यालय में एसओईए स्वाध्याय एवं दिनचर्या के नियमों का मुख्य रूप से पालन किया जाता है। ये सिद्धांत छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखना सिखातें है। जब बच्चे विषयों का चुनाव करते हैं तो उस समय उन्हें अपनी क्षमताए प्रवृत्ति एवं प्रकृति का अवश्य ध्यान रखना चाहिए।

# Haryana News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## DAV Ballabhgarh Celebrating Annual Cultural Fest




**Faridabad/Alive News**

DAV Public School Ballabhgarh is going to celebrate its Annual Cultural Fest- Confluence 2023 on Saturday 11th March 2023. It will be a mesmerizing evening full of cultural programmes with 100 percente participation of students. The centre of attraction would be a Fairy Tale Play- 'Snow white and Seven dwarfs' by the little fairies of the school. Students are Participating various competitions and organize cultural program. The evening will be graced by the auspicious presence of the Chief Guest- Mr V K Chopra, Director of DAV Public School and Guest of honour- Mr Trilok Chand, SDM Ballabhgarh.

## Ideal School celebrated Women's Day



**Faridabad/Alive News**

Ideal Public School Lakkarpur celebrated Women's day. Various programs were organized in the school for 1 week regarding Women's Day in which parents of children along with teacher's also participated. All the parents was also invited in this event. diffrent type of games like musical chair, passing the ball, dance, music masti and different competition for women parents were held in the event. it was not only the event for enjoyment infact it was a councelling session the topics were how we over come the strees of exam. Students participated in the event all the exam policy discussed with the Coordinator and teacher's along with parents. Healthy discussion make the event more successful. session of the event held at IPS auditorium here school. Director/Principal Mrs. Sudesh Bhadana along with there Team encouraged the parents with there motivational words and honoured the competition winners.

## International Women's Day celebrated at J.C. Bose University

**Faridabad/Alive News**



J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad in association with NGO celebrated International Women's Day 2023 on March 4 in Vivekananda Auditorium inside the University Premises.

The event commenced with the traditional lamp lightening by the chief guest Renu Bhatia, Chairperson State Commission for Women Haryana, Jaymala Tomar, Guest of honor, Seema Trikha MLA, Badkhal Constitution; and the other dignitaries; which was then followed by Saraswati Vandana and Kulgeet.

The event was formally taken forward with the words of Rashmi Ahuja, who stated words for women and their contribution to the development of society. She also asked the spectators to respect women and their work spirit.

The celebration was then followed by various cultural performances by the NGO Team and the Niramayam & Ananya Clubs of the university. Charvi Chawla, Singer & Contestant of Saregama 2021 graced the event with her presence and her beautiful performance.

The event was presided over by the chief guest, Renu Bhatia who presented her valuable words for women. She asked the youth to stick with their values and ethics. Also, she asked the parents to monitor the activities of their children and try to interact more with their children as they are going to be the future of the nation.

Later, a Fashion Show by BTI-Binge Right, Think Twice, Influence Wise; in collaboration with the NGO and Saru Mukherjee, a Social Media Influencer in which ramp walks were presented by volunteers of the NGO along with the organizers of the fashion show.

All the chief guests and the dignitaries were felicitated with the token of regard. Also, the donors of the NGO and the women journalists were felicitated for their contribution to the development of society.

## वोटर कार्ड के लिए युवा कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन



**Faridabad/Alive News**

जिला मे 18 वर्ष या इस से अधिक आयु के युवाओं को अब मतदाता के तौर पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए साल में चार तिथियों के आधार पर मौके मिलेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को आधार तिथि मानकर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

पहले वर्ष में केवल एक (1 जनवरी) ही आधार तिथि थी। ऐसे में पात्र व्यक्ति को पूर्ण वर्ष इंतजार करना पड़ता था उपायुक्त ने बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति ऑनलाइन पोर्टल पर अप्लाई कर सकता है 7 इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत रूप से भी अपने बी.एल.ओ के पास सभी दस्तावेजों की प्रति लेकर आवेदन कर सकता है।

बी.एल.ओ की जानकारी "Know Your BLO" आयोग की वेबसाइट पर जाकर पता कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि जो भी पात्र व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वह मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।

## नशा करने और नशीले पदार्थों बेचने वालों पर पुलिस की धाकड़ टीम कर रही है निगरानी

**Faridabad/Alive News**

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सोमवार को हुड्डा कन्वेंशन सेंटर, सेक्टर-12 में डीसीपी हेड क्वॉटर नितीश अग्रवाल व एडीसी अपराजिता ने धाकड़ योजना की मीटिंग में नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की गम्भीरता से निगरानी के सख्त दिशा निर्देश दिए है। धाकड़ योजना के तहत पुलिस और प्रशासन के सभी विभागों और अधिकारियो की धाकड़ टीमों का सहयोग लिया जाएगा। इस बैठक में एडीसी अपराजिता , एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम त्रिलोक चंद, एसीपी मुनीश सहगल ,एसीपी सेंट्रल सतपाल यादव डीएसपी जीआरपी सहित धाकड़ योजना के क्रियान्वयन ने भी भाग लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बैठक में डीसीपी ने कहा कि नशे को हम समाज के किसी एक वर्ग से नहीं जोड़ सकते। समाज में सभी वर्गो में हमे नशा करने वाला व्यक्ति मिल जायेगा। उन्होंने बताया की स्टेट एक्शन प्लान का मक़सद समाज को नशे पर एकत्रित करना है, इसको हमे आंदोलन की तरह लेना है। सरकार हॉक सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाटा एकत्रित कर नशा मुक्ति अभियान में तेजी लाना चाहती है। इसमें आशा वर्कर अपने-अपने क्षेत्र में नशा करने वालों का डाटा फॉर्म के माध्यम से क्षेत्र के बीट इंचार्ज को देंगे, तत्प्रश्चात बीट इंचार्ज थाना प्रभारी से हॉक सॉफ्टवेयर पर यह डाटा अपलोड करेंगे। इस सम्बंध में फरीदाबाद के गांव,वार्ड, ब्लॉक, सब डिवीजन व जिला स्तर पर 344 पुलिसकर्मियों के साथ 1794 मेंबर्स की 186 टीमें की गठित की गई है। वार्ड प्रहेरी टीम में 145 आशा वर्क तथा 127 गांव आशा वर्क की टीम बनाई गई है। आशा वर्क नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की लिस्ट बनाकर व उनकी पूर्ण जानकारी डोजियर फोर्म के माध्यम से कोन किस तरह का नशा करता है जानकारी उपलब्ध कराए जाएगी। नशा करने वालो की काउसली की जाएगी। जिनकी पुनः काउसली भी की जाएगी। प्रत्येक गांव/वार्ड में दो-दो प्रहरी नियुक्त किए गए हैं जिसमें एक प्रहरी तथा एक सहायक प्रहरी के तौर पर नियुक्त किया गया है। इसके माध्यम से पुलिस पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाकर उनतक पुलिस व कानून संबंधित सुविधाओं को पहुंचाने का कार्य करेगी। पुलिस आयुक्त ने इस बारे में सभी थाना प्रभारियों तथा ग्राम व वार्ड प्रहरियों को अहम निशा दिशा निर्देश दिए है।

## होली का त्योहार देता है आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश-विधायक

**Faridabad/Alive News**



संजय कालोनी स्थित मॉडल के.डी स्कूल बी. आर गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें विधायक नीरज शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। इस मौके पर समस्त कालोनी वासियों व नंगला व्यापार मंडल द्वारा पगड़ी और फूल माला पहनाकर मान सम्मान किया।

विधायक नीरज शर्मा ने क्षेत्र के लोगो को होली के त्योहार की शुभकामना देते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रम से पुरा समाज और परिवार एकजुट हो जाते है जिससे त्योहार की गरिमा तो बनी ही रहती है और साथ मे आपसी भाईचारा भी बना रहता है।विधायक नीरज शर्मा ने नंगला व्यापार मंडल के प्रधान एम.पी भडाना, त्रिलोकचंद तंवर की भी जमकर तारीफ़ की और बताया की समाज और व्यापारियों को एकजुट करके रखने मे प्रधान की विशेष भूमिका होती है।

पूर्व वरिष्ठ उप महापौर मुकेश शर्मा ने सभी को संदेश देते हुए कहा की जैसे एक सुखी वीरान तस्वीर मे रंग भरने से वो खुवसूरत हो जाती है। ठीक उसी प्रकार हम रंगो की तरह एक दूसरे के जीवन मे खुशियों का आदान प्रदान करे ओर दूसरो के जीवन में खुशियों के रंग भरकर उन्हें महकाने का काम करें।

## स्मॉल स्टेप प्ले स्कूल ने धूमधाम से मनाया अपना वार्षिकोत्सव



**Faridabad/Alive News**

स्मॉल स्टेप प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट डीआर चौधरी एवं स्टेट चैम्पियन बॉडी बिल्डर सोमदत्त रोहिल्ला तथा विशेष अतिथि के रूप में टैक्स बार एसोसिएशन के महासचिव राजेन्द्र शर्मा, जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी, टैक्स बार एसोसिएशन के वाइस प्रैसीडेंट दीपक छाबड़ा, एडवोकेट दीपक गेरा ने शिरकत की। महिपाल भड़ाना एजुकेशन सोसायटी के अन्तर्गत चलने वाले स्मॉल स्टेप प्ले स्कूल के प्रैंसीडेंट विजय भड़ाना, वाईस प्रैंसीडेंट शिमला भड़ाना, महासचिव कुलदीप भड़ाना, कोषाध्यक्ष निशांत गुलेरिया, सदस्य एडवोकेट अजय सिंह तथा स्कूल की प्रिंसीपल पूजा गोसाईं ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मंच का संचालन शालिनी रावत ने किया। स्मॉल स्टेप प्ले स्कूल के प्रैंसीडेंट विजय भड़ाना ने कहा कि स्व.महिपाल जी ने जो पौधा लगाया था अब वह वृक्ष का रूप ले चुका है। इसके लिए अपने मित्रों, स्कूल प्रबंधन व सर्वसमाज का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवं स्कूल कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने छात्रों को मैडल तथा सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल टीचर मंजू शर्मा, अनामिका, कृष्णा दास, जसलीन कौर, जीवंती राणा, ज्योति गुप्ता सहित सैकड़ों अभिभावक गण मौजूद थे।

## मानव रचना ने अंतर्राष्ट्रीय जल शिखर सम्मेलन का किया आयोजन

**Faridabad/Alive News**

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के उन्नत जल प्रौद्योगिकी और प्रबंधन केंद्र द्वारा भारत में जल सुरक्षा पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिखर सम्मेलन केंद्रीय भूजल बोर्ड जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। गुरुग्राम विश्वविद्यालय शिखर सम्मेलन के लिए विश्वविद्यालय भागीदार था। उद्घाटन सत्र में केशनी आनंद अरोड़ा, आईएएस, अध्यक्ष, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण, शशि शेखर, आईएएस, पूर्व सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, सदस्य मसौदा समिति एनडब्ल्यूपी; डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक और डॉ. यादव गुरुग्राम विश्वविद्यालय से उपस्थिति थे। एबी पंड्या, महासचिव, आईसीआईडी, विवेक वर्मा, प्रबंध निदेशक, स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड,प्रोफेसर एलन फ्रायर, पृथ्वी और पर्यावरण विज्ञान विभाग, केंटकी विश्वविद्यालय, यूएसए; डॉ. आर.पी. पाण्डेय, वैज्ञानिक-जी, एनआईएच, रुड़की; डॉ. यू के सिन्हा, प्रमुख, आइसोटोप हाइड्रोलॉजी सेक्शन, बीएआरसी; प्रो. डेविड पोल्या, अंतर्राष्ट्रीयकरण मैनचेस्टर विश्वविद्यालय, यूके के डीन; डॉ. आलोक सिक्का, कंट्री हेड-इंडिया, आईडब्ल्यूएमआई, नई दिल्ली; डॉ ए के केशरी, प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ,विश्वदीप घोष, सीईओ, वाटर फॉर पीपल इंडिया ट्रस्ट; प्रो. पीपी मजूमदार, अध्यक्ष, इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर रिसर्च,



आईआईएससी बैंगलोर, डॉ. सुमित सिन्हा, वरिष्ठ विश्लेषक, जेबीए रिस्क मैनेजमेंट, यूके, प्रोफेसर शशांक शेखर, भूविज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय उपस्थित थे और उन्होंने अपने वर्षो के शोध और अभ्यास से अपने ज्ञानवर्धक ज्ञान और अनुभवों को साझा किया। डॉ. दीपांकर साहा, अध्यक्ष-प्रोफेसर, शिखर सम्मेलन के संयोजक और संचालक थे। जल संसाधनों में वैश्विक महत्वपूर्ण और व्यापक रूप से स्वीकृत चुनौती को संबोधित करने और विचार-मंथन करने की तात्कालिकता को देखते हुए, संगोष्ठी में संबंधित क्षेत्रों के शीर्ष विशेषज्ञ- शिक्षाविद, कृषिविद, जल विशेषज्ञ, नीति निर्माता, नागरिक समाज और अन्य एक मंच पर एक साथ आए। जैसा कि इरादा था, संगोष्ठी ने भारत और दुनिया में जल सुरक्षा के मुद्दों की आम समझ को बहुत समृद्ध किया। चावल और गेहूं के संदर्भ में जल व्यापार पर विशेष ध्यान दिया गया। इसने बढ़ते जल संकट को कम करने के लिए एक बुद्धिमान और न्यायिक दृष्टिकोण में आगे बढ़ने के लिए एक परस्पर वेब बनाने के लिए स्थायी जल प्रबंधन और इसके संबद्ध मुद्दों से संबंधित कुछ सबसे प्रासंगिक सवालों के जवाब दिए। शिखर सम्मेलन के दौरान ग्रीन, ग्रे और ब्लू-वाटर के आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। समापन सत्र में डॉ. अमित भल्ला, एमआरईआई के उपाध्यक्ष, डॉ. अमरजीत सिंह, आईएएस, पूर्व सचिव, जल शक्ति मंत्रालय और रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुजरात के अध्यक्ष और श. देवेंद्र सिंह, आईएएस, माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा के सलाहकार ने जल प्रबंधन के विभिन्न तथ्यों के महत्व पर विशेष रूप से हरियाणा जैसे अंधेरे और छाया भूजल क्षेत्रों के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे विभिन्न समुदाय-स्तर के हितधारकों को शामिल करके दूरदर्शी सरकारी नीतियों को लाया जा सकता है और नियामक प्राधिकरणों के माध्यम से बेहतर जल संसाधन प्रबंधन की वकालत की जा सकती है।

## रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**Faridabad/Alive News**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं रामा कृष्णा फाउंडेशन, जय सेवा फाउण्डेशन तथा श्री माधव राष्ट्र सेवा समिति द्वारा इंडियन ऑयल सैक्टर-67 आईएमटी फरीदाबाद के सहयोग से रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ इंडियन ऑयल के महाप्रबंधक ज्ञानेश कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला रैडक्रास सचिव बिजेंद्र सौरोत, जय सेवा फाउण्डेशन के संस्थापक गंगाशंकर मिश्र, जिला प्रशिक्षण अधिकारी ईशांक कौशिक ने रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन से किया गया। जिसमें 36 रक्तवीरों के द्वारा रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया गया। रक्तदान में हिल इंटरनेशनल, स्पूरजी के कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान किया गया। जिला रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित कहा कि 18 वर्ष की उम्र के बाद में आदमी



को नियमित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिए, जो आदमी निरंतर रक्तदान करता रहता है उसका रक्तचाप ठीक रहता है और उसे कोई भी बीमारी प्रभावित नहीं करती, सभी लोग नियमित रूप से रक्त दान करें और साथ साथ लोगों को जागरूक करें। जय सेवा फाउंडेशन के संरक्षक गंगाशंकर मिश्र ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। मानव मात्र की सेवा के लिए हम सबको आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर्णा भार्गव, सुधीर टिंगेस, एस पी सिंह, नलिन गुप्ता, सुधीर पाठक, डॉ चंद्र शेखर गौरी दत्त, रघुराज सिंह, राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

## सराय गवर्नमेंट स्कूल में हार्ट डिजीज पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

**Faridabad/Alive News**

सराय ख्वाजा के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हार्ट डिजीज पर जूनियर रेडक्रास, गाइड्स और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने क्यूआरजी हॉस्पिटल के सहयोग से प्राचार्य की अध्यक्षता में सेमिनार आयोजित किया।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस एवम ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि संपूर्ण विश्व में दिल के दौरे से हर वर्ष एक करोड़ लोगों की मौत हो जाती है और इनमें से पचास प्रतिशत लोग अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अतः हृदय रोग मौत का एक अहम कारण बन चुका है जिसके लिए जागरूकता का होना बहुत आवश्यक है। यदि आप चाहते है कि आप का दिल ठीक प्रकार से धड़कता रहे तो आपको प्रतिदिन अन्य कार्यों की तरह ही व्यायाम और प्राणायाम के लिए भी समय निकालना चाहिए। क्यूआरजी अस्पताल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ गजेंद्र गोयल ने बताया कि धूम्रपान का सेवन बिल्कुल बंद कर दें, यह हृदय के साथ ही कई बीमारियों का कारण बनता है। स्वस्थ शरीर और दिल के लिए भरपूर नींद लें। निष्क्रिय जीवन शैली, अत्यधिक तनाव, हाइपरटेंशन, मधुमेह, मोटापा, वसायुक्त भोजन आदि से लोगों को दूर रहना चाहिए, इन से कोलेस्ट्रोल, ट्राईग्लिसरा, वीएलडीएल और एलडीएल अधिक होता है। डॉ गजेंद्र गोयल ने कहा कि जीवन अनमोल है इसलिए अपने लिए, अपनों के दिल का दिल से ध्यान रखे, नियमित रूप से सुबह और शाम ब्रिस्क वॉक करने की आदत डालें, प्रतिदिन कम से कम तीस मिनट प्राणायाम करें, सब से आवश्यक है यदि आप स्वस्थ है तो वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करें।

## छुपी खेल प्रतिभाओं को मंच दे रहा सांसद खेल महोत्सव-कृष्ण पाल गुर्जर

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में सांसद खेल महोत्सव-टू फरीदाबाद 2022 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद खेल महोत्सव-टू का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव-टू में जूनियर और सीनियर विंग के लड़के व लड़कियों के वर्ग के लगभग 6 हजार खिलाड़ी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर 15 सौ मीटर की दौड़ भी आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान पर यशवीर, दूसरे स्थान पर चीकू व तीसरे स्थान शिखर रहे। विजेता खिलाड़ियों को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 51हज़ार , 31 हज़ार व 21 हज़ार रुपये की नकद धनराशि से पुरस्कृत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य अतिथियों को भी शाल ओढाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों स्वागत करके उन्हें बधाई दी और कहा कि संसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोच का परिणाम है, जिसमें वे चाहते हैं कि छिपी हुई खेल प्रतिभाएं आगे आएं और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के भागीदार बनें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में सर्वोपरि खेल निति की बदौलत ही देश में अन्तर्राष्टीय स्तर पर ओलम्पिक खेलों के गोल्ड मेडल,



सिल्वर मेडल और ब्रोन्ज मेडल आधे से ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ी जीत कर ला रहे हैं। हरियाणा सरकार गोल्ड मेडल विजेता को चार करोड़ रुपये की नकद धनराशि, सिल्वर मेडल विजेता को तीन करोड़ रुपये की नकद धनराशि और ब्रोन्ज मेडल विजेता को दो करोड़ रुपये की नकद धनराशि ईनाम स्वरूप प्रदान की जाती है। जो कि भारत देश मे सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव टू जिला फरीदाबाद और पलवल में खेल प्रतिभाओं को सकारात्मक संदेश देगी। उन्होंने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत 10 से 12 मार्च तक फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा।

इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार खेलों की संख्या 13 कर दी गई है और इनमें प्रतियोगिताएं भी बढ़ा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 10 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव टू में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंग, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस (4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर) शामिल हैं। वहीं थ्रो में शॉट पुट व जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता रहेगी। इसके अलावा फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी नेशनल, कबड्डी सर्कल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, पैरा बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, हॉकी, टग ऑफ वार, एथलेटिक्स में 13 इवेंट है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पृथला के विधायक नयन पाल रावत, बीजेपी के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कृभको के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, एडीसी अपराजिता, सीईओ जिला परिषद पलवल अमित कुमार, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, आरटीए जितेन्द्र गहलोत, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम फरीदाबाद अमित मान, सीटीएम पलवल धवीजा, खेल विभाग के उपनिदेशक गिरीराज, जिला खेल अधिकारी फरीदाबाद देवेन्द्र गुलिया, जिला खेल अधिकारी पलवल सुरेन्द्र हुड्डा, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी और फरीदाबाद जिला की विभिन्न उद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# हिंडनबर्ग मामले में जांच की मांग को लेकर टीम विजय प्रताप ने किया प्रदर्शन



Faridabad/Alive News

कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान एवं हिंडनबर्ग मामले में जांच की मांग को लेकर वीरवार को विजय प्रताप व उसकी टीम ने पंजाब नेशनल बैंक नेहरू ग्राउंड में जोरदार प्रदर्शन किया। टीम विजय प्रताप ने हिंदनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद अदानी के खिलाफ जेपीसी की मांग की। सभी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाते हुए लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराया एवं प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के विरोध में बड़खल ब्लॉक में पंजाब नेशनल बैंक के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर टीम विजय प्रताप ने कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को कामयाब बनाने और हिंडनबर्ग की जांच की मांग की। कार्यकर्ताओं से बताया कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी 13 मार्च को चंडीगढ़ राजभवन में प्रदर्शन करेगी और अडानी मामले में जांच की मांग करेंगे। आज बड़खल ब्लॉक में कार्यक्रम किया गया। सभी ब्लॉक में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल सरदाना, राजेश बैंसला एडवोकेट, सोहैल खान, सागर कौशिक, मोहित सैनी, सचिन सैनी, मुश्ताक खान, प्रिंस त्यागी, इशांत कथूरिया, वीरेंद्र मावी, कम्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग है : राजकुमार मक्कड़

Faridabad/Alive News

दिव्यांग जनों को मजबूत और सक्षम बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राज कुमार मक्कड़ ने आज सेक्टर 16 स्थित सर्किट हाउस में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों की शिकायतें सुनी और मौके विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को दिए गए विशेष अधिकारों के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया।

जिला प्रशासन के अधिकारियों को सख्त आदेश दिया कि दिव्यांगों के मामले किसी भी प्रकार की कोई भी कोताही न बरते, दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने आह्वान किया कि दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग है, कोई भेदभाव न करें। सरकार द्वारा बनाया गए दिव्यांग मित्र पोर्टल के बारे में बताते हुए कहा कि दिव्यांगजन अपने किसी भी शिकायत का समाधान इस पोर्टल के माध्यम से पा सकते हैं और प्रार्थियों से आग्रह किया कि पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते समय अपनी ईमेल आईडी का जरूर उल्लेख करें जिससे समाधान होने पर उसका



जवाब प्रार्थी के पास जल्द से जल्द पहुँच सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य में दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में 5 प्रतिशत तक का आरक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 70 प्रतिशत से ज्यादा विकलांगता वाले कर्मचारियों के लिए आज कर्मचारी से 2 साल अतिरिक्त नौकरी का प्रावधान किया गया है।

साथ ही उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को दी जा रही सभी सुविधाओं को यूनिक पहचान पत्र के साथ जोड़ा जा रहा है। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को एक जनवरी 1996 से नौकरी व पदोन्नति का लाभ देने का फैसला लिया गया है तथा दिव्यांगजनों को 10 से 15 वर्ष तक आयु में छूट का प्रावधान भी है। दिव्यांगजन प्रमाणपत्र अब ऑनलाइन स्वावलंबन पोर्टल से बनाया जा सकेगा। दिव्यांगजनों को इस पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा, जिसके उपरांत संबंधित अस्पताल से उन्हें जांच के लिए सूचना दी जाएगी। दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए हरियाणा सरकार ने दो स्कीम में बनाई है। हर्षित रिटेल स्टोर, जिसमें हरियाणा सरकार ने दिव्यांगजनों को 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। लोन के माध्यम से सरकार उनको सामान भी उपलब्ध कराएगी। अब तक हरियाणा में 2 हज़ार हर हित रिटेल स्टोर खोले गए हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या लगभग 50 हज़ार हो जाएगी। वीटा दूध के बूथ सरकार अब इसको स्कूल और कॉलेजों के साथ जुड़ेंगे। सरकार ने दिव्यांग जनों की मदद के लिए दिव्यांग मित्र ऑनलाइन पोर्टल भी बनाया है। इस पोर्टल पर कोई भी दिव्यांग अपनी समस्या बोलकर या लिखकर भेज सकता है।

# अप्रैल माह में आयोजित किया जाएगा विशाल व्यापार मेला-डीसी



Faridabad/Alive News

अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में विशाल व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जिला फरीदाबाद के सभी औद्योगिक एसोसिएशनो, औद्योगिक इकाइयों और सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओज, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों तथा आरडब्लूए के के प्रतिनिधियों सहित अधिक से अधिक आमजन को भी भागीदार बनाया जाएगा। इस मेले में मंत्री गण, विधायक गण और तमाम उद्योगपतियों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस विभाग का जो भी दायित्व मिले उसे सुनिश्चित और पर पूरा करना सुनिश्चित करें। फरीदाबाद जिला में लगने वाले विशाल व्यापार मेले में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। फरीदाबाद में विशाल मेले के लिए एचएसआईडीसी, एमएसएमई सहित उद्योग, श्रम तथा अन्य विभागों से आपस में तालमेल कर लिया गया है और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।विशाल व्यापार मेले में सभी विभागों को शामिल किया जाएगा। वहीं सरकारी एजेंसियों, स्मार्ट सिटी और एमसीएफ सहित सरकार के अन्य सभी डिपार्टमेंट को शामिल किया जाएगा। बैठक में एडीसी अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, जिला परिषद् सीईओ सुमन भांकर, सीटीएम अमित मान सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर की चर्चा



Faridabad/Alive News

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) ङ्क 2020 के कार्यान्वयन और नीति में वर्णित प्रावधानों जैसे मल्टीपल एंट्री और एग्जिट सिस्टम, पर एक बैठक-सह-कार्यशाला आयोजित की। बैठक में संस्थागत विकास योजना और चार वर्षीय यूजी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में हुई और इसमें विभिन्न शिक्षण विभागों के डीन, अध्यक्ष और प्रभारी शामिल हुए। विश्वविद्यालय की एनईपी कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो तिलक राज ने कुलपति और समिति के सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस बैठक के एजेंडे से अवगत कराया। एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स, दो वर्षीय डिप्लोमा, तीन वर्षीय यूजी डिग्री और चार वर्षीय यूजी ऑनर्स डिग्री विद रिसर्च की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति प्रो. तोमर ने एनईपी-2020 के प्रभावी और सुचारू कार्यान्वयन के लिए कुछ मूल्यवान सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में एनईपी कार्यान्वयन समिति के संयोजक डॉ. रवि कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# बिल्डर ने 20 परिवारों के काटे बिजली कनेक्शन, विरोध के बाद दोबारा जोड़ा

Faridabad/Alive News



शुक्रवार की रात बिजली कनेक्शन काटने के विरोध में ग्रेटर फरीदाबाद स्थित पार्क एलिट फ्लोर क्यू ब्लॉक के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। बिल्डर द्वारा कनेक्शन काटने के विरोध में लोगों ने पुलिस को भी सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराते हुए बिजली सप्लाई कराई। दरअसल, ग्रेटर फरीदाबाद की अधिकतर सोसाइटी में बिल्डर और स्थानीय निवासियों के बीच बिजली को लेकर खींचातनी चल रही है। आए दिन लोग कनेक्शन काटने के विरोध में सड़कों पर उतर रहे हैं। शुक्रवार रात करीब 10 बजे सेक्टर 75 स्थित पार्क फ्लोर क्यों ब्लॉक के 20 परिवारों के बिल्डर ने बिजली कनेक्शन काट दिया। जिसके विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया। आरडब्ल्यूए प्रधान सीमा भारद्वाज ने बताया कि बिल्डर की मनमानी बढ़ती जा रही है जिससे 150 से ज्यादा परिवार परेशान हैं। सभी प्रकार के चार्ज का समय पर भुगतान किया जा रहा है इसके बावजूद भी बिल्डर अलग अलग प्रकार से परेशान कर रहा है।

**पहले भी काटे गए थे बिजली कनेक्शन**

सोसाइटी के आरडब्ल्यूए उप प्रधान पंकज गोयल ने बताया कि बिल्डर लोगों से कॉमन एरिया मेंटेनेंस चार्ज लिया जा रहा है लेकिन सुविधाएं नहीं दी जा रही है। कुछ दिनों पहले भी 5 लोगों के बिजली कनेक्शन काटे गए थे, लोगों के विरोध के बाद बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई थी, एक बार फिर बिल्डर मनमानी पर उतर आया है। बिजली मूलभूत सुविधा है और लोगों को इससे वंचित रखा जा रहा है।

**क्या कहना है बिल्डर का**

सोसाइटी के कुछ लोग कैम चार्ज नहीं दे रहे, जिन लोगों ने भुगतान नहीं किया उनके कनेक्शन काटे जा रहे है। यदि लोग समय पर भुगतान नहीं करेंगे तो मजबूरन ये कदम दोबारा उठाना पड़ेगा।

रोहित मोहन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, बीपीटीपी।

# खेलों से शारीरिक विकास के साथ होता है बौद्धिक विकास-विधायक

Faridabad/Alive News

सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है। इससे खिलाड़ियों में एक नए जोश का संचार होता है और वह बड़ी प्रतियोगिताओं में कुछ करने का जज्बा लेकर यहां से निकलते हैं। विधायक नयन पाल रावत सैक्टर-31में मुख्य अतिथि शिरकत कर तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में शनिवार को खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व के प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच है कि सांसद खेल महोत्सव के जरिये उन छुपी हुई प्रतिभाओं को निखाराना है। जहां खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह एक दूरदर्शी सोच है। उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव के माध्यम से दूर दराज के शहरों और गांवों में उन छुपी हुई प्रतिभाओं को जो छोटे कस्बों और शहरों में रहते है, उन्हें एक ऐसा मंच मिले, जहां वो अपनी प्रतिभा को दिखा सके। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में इस सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। गांव में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को मंच देने की यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच सांसद खेल प्रतियोगिता है। सांसद खेल महोत्सव में होने वाली प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद और पलवल ज़िलों के खिलाड़ी ले रहे हैं। विधायक नयन पाल रावत ने



खिलाड़ियों से परिचय लिया और अपना परिचय दिया और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी किया। विधायक नयन पाल रावत ने फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव -2 करवाने के लिए केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त शिखा, जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र गुलिया, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# पोषण अभियान में फरीदाबाद प्रथम स्थान प्राप्त पर, डीसी सम्मानित

Faridabad/Alive News

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डीसी विक्रम सिंह को करनाल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए गए पोषण अभियान में प्रदेश में नम्बर वन आने पर सम्मानित किया।

डीसी विक्रम सिंह और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी को दो लाख रुपये की धनराशि का चेक और प्रशंसा पत्र भी दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री कमलेश ढांडा की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज शुक्रवार को महिला बाल विकास द्वारा करनाल में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया।जहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत कर रहे थे। जिला फरीदाबाद ने वर्ष 2022- 23 में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आज फ़रीदाबाद जिला उपायुक्त विक्रम सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी को सम्मानित किया और दो लाख रुपए का चेक भी दिया।

डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जागरूकता सप्ताह के तहत जनवरी माह के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ डॉक्टर मंजू श्योराण के कुशल मार्गदर्शन में जागरूकता सप्ताह को लेकर जिला में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था।

सीडीपीओ डॉक्टर मंजू श्योराण विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जनवरी माह में प्रतिदिन शेड्यूल के अनुसार महिला गोष्टी, पंचायत मीटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया था। जहां फरीदाबाद जिला मे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम लिंगानुपात है, वहां उनमें माताओं को बेटियों के महत्व के बारेसमझाने के लिए प्रेरित किया गया था। डाक्टर श्योराण ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों में महिलाओं और लड़कियों को स्पोर्ट्स में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया था। वहीं जिन्होंने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्हें जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया था।

# फरीदाबाद मॉडल स्कूल में बच्चों ने खेली होली, गुलाल लगाकर दी बधाई



Faridabad/Alive News

मंगलवार को सेक्टर 31 स्थित फरीदाबाद मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया। सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की दी, इस दौरान स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रिंसिपल उमंग मलिक ने बताया कि स्कूल में चित्रकारी, होली कार्ड बनाने जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हिस्सा और सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, जिससे स्कूल होली के गीतों से गूंज उठा। बच्चों ने लघु फिल्में दिखाई गई तथा स्कूल के अध्यापकों ने एक एक कर होली के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी बच्चों को गुझिया और अन्य मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी गई। इस दौरान बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को त्योहार की बधाई दी। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

# ग्रीन बेल्ट पर कार पार्किंग की जगह बनाने के लिए एक व्यक्ति ने जेसीबी की सहायता से उखाड़ फेंका विशाल नीम का पेड़



Faridabad/Alive News

सेक्टर 25 में ग्रीन बेल्ट को पार्किंग में बदलने के लिए पेड़ों को काटा जा रहा है। पार्किंग बनाने के लिए बीती रात एक युवक ने जेसीबी ला कर बड़ा पेड़ उखाड़ फेंका। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। सेक्टर 25 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्रयों के होने से काफी प्रदुषण होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पेड़ काट दिए जायँगे तो सांस लेने में काफी तकलीफ होगी।

बीती रात सेक्टर 25 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया की ग्रीन बेल्ट में राजू नाम के व्यक्ति ने कार पार्किंग की जगह बनाने के लिए बड़ा नीम का पेड़ जेसीबी की सहायता से उखाड़ फेंका। पेड़ उखाड़े जाने के बाद वहां के लोगों ने आपत्ति जताई।लोगों ने कहा कि पहले से ही फरीदाबाद में प्रदूषण का ग्राफ बढ़ा हुआ है। यदि ऐसे ही पेड़ उखाड़े जायँगे तो लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जायेगा। । फैक्ट्री में काम करने वाले तोहीम एहमद का कहना है कि कई सालों से यहाँ पेड़ लगे हुए है जिन्हे पिछ्ले 6 महीने से स्क्रैप यार्ड ,कार पार्किंग,फैक्ट्री बनाने के लिए काटा जा रह है। सभी लोग मिलकर पेड़ लगाते है। और उनकी देखभाल करते है। लेकिन बीती रात राजू नाम के व्यक्ति ने विशाल नीम के पेड़ को कार पार्किंग की जगह के नाम पर उखाड़ फेंका। यहां के लोगों की नगर निगम के बागवानी विभाग के अधिकारीयों से अपील है कि इस व्यक्ति के खिलाफ जुर्माना लगाया जाये और सख्त क़ानूनी कार्यवाही कराई जाये।

# अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित

Faridabad/Alive News

पुलिस आयुक्त विकास कुमार आरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशासनिक कार्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 10 महिला पुलिस कर्मचारियों को सेक्टर 21ष्ट स्थित पुलिस आयुक्त में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 से 2023 के अवसर पर प्रशासनिक कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली उप निरीक्षक बबीता, उप.निरक्षक प्रियंकी,मोनिका,सुमन, मुख्य सिपाही कविता,एवं महिला सिपाही पिंकी,निर्मला,आसमा,बबली और हेमलाता के साथ 10 महिला पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया।

पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में दोषियों के ठिकाने का पता लगाने व दोषियों को गिरफ्तार करने वाली 10 महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल, डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी बल्लबगढ़ कुशलपाल, एसीपी महिला सुरक्ष, तीनो जॉन के महिला थाना के प्रबंधक व अन्य महिला पुलिसकर्मी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 10 महिला पुलिस अधिकारियों को उनके असाधारण काम के लिए सम्मानित किया, एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा महिला अधिकारियों




को एक प्रशस्ति पत्र और नगद रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त ने खुशी व्यक्त की और सभी उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना की और प्रत्येक पुलिस अधिकारी को अपने अनुभव साझा करने का मौका दिया। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मीयो से उनको ड्युटी करते उनके सामने आने वाली समस्यों के संबंध में जानकारी ली। उप निरीक्षक बबीता, स.उप.निरक्षक प्रियंकी,मोनिका,सुमन, मुख्य सिपाही कविता ने कई दुष्कर्म, छेडछाड, वीडियो व फोटो के जरिए ब्लैक मेल करने के कई मामले सुलझाते हुए महिला को न्याय दिलवाने का कार्य किया है। अनुसंधान अधिकारियो के साथ सयोग व थाना के रिकोर्ड को ठीक रखने में महिला सिपाही पिंकी,निर्मला,आसमा, हेमलता व बबली का नाम शामिल है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिलाएं आज समाज के हर वर्ग में अपनी भूमिक निभा रही है। हमारे समाज की आन बान और शान है, महिलाएं मां, बहन, बेटी, दोस्त के साथ-साथ पत्नी का भी दायित्व निभाती है। आज महिलएं सरकारी और प्राइवेट जॉब में उच्च अधिकारीयो के पद पर भी काम कर रही है। महिलाएं आफिस के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों को भी निभा रही है। अपने परिवार के साथ साथ समाज की महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारियों भी उनके कंधों पर है इसलिए इनको सम्मानित किया जाना चाहिए जिसकी यह हकदार हैं।

पुलिस आयुक्त द्वारा महिला पुलिसकर्मियों को भविष्य में इसी प्रकार समाज में महिलाओं की सुरक्षा और मान सम्मान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी है।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# तमाम उपलब्धियों के बाद नेशनल चैम्पियन को स्थाई नौकरी का इंतजार



Faridabad/Alive News

हाल ही में बनारस में आयोजित पांचवीं नेशनल मास्टर चैम्पियनशिप हैडबाल में हरियाणा को नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल दिलाने वाली एसपीओ किरण बाला को लंबे समय से स्थायी नौकरी की दरकार है। वह आर्थिक परेशानियों के सामने बेबस है। मई माह में फिनलैंड में आयोजित होने वाले यूरोपियन मास्टर गेम में वह देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना रखती है, मगर यूरोपियन मास्टर गेम में चयन होने के बावजूद भी किरण आर्थिक स्थिति के कारण वहां नहीं जा सकेगी। छह बार नेशनल लेवल पर अपनी अलग पहचान बनाने वाली एसपीओ किरण बाला को मानदेय के तौर पर महज 18000 रुपये ही मानदेय मिलता है। जिसमें उसे अपने परिवार के अलावा स्वयं के खेल के अभ्यास पर भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। ऐसे में उसके पास फिनलैंड जाने तक के पैसे नहीं है। अनुमानित तौर पर इस खेल टूर पर एक खिलाड़ी का खर्च लगभग दो लाख रुपये आएगा। बड़ी बात यह है कि किरण बाला के साथ टीम में खेलने वाली अधिकांश खिलाड़ी बड़ों पदों पर तैनात हैं, जबकि किरण महज एक सिपाही के तौर पर अपनी स्थाई नियुक्ति चाहती है। तमाम काबिलियत एवं उपलब्धियों के बावजूद भी उसके दर्द को कोई नहीं समझ रहा है। किरण का सपना है कि वह देश के लिए गोल्ड लेकर आए, मगर फिलहाल वह अभ्यास करने की बजाय अपनी आजीविका के भंवर में फंसी हुई है।

**ये हैं किरण की उपलब्धियां**

किरण बाला की उपलब्धियों को देखे तो वह वर्ष 2002 में आयोजित 30वीं स्टेट हैंडबॉल चैम्पियनशिप में प्रथम, वर्ष 2003 में आयोजित हरियाणा स्टेट गेम में भी प्रथम, 31वें स्टेट गेम में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। इसके अलावा स्पोर्ट्स एवं युवा खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित खेलों में दूसरा स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ जूनियर नेशनल हैंडबॉल में तृतीय स्थान पर रही टीम का हिस्सा रह चुकी है। किरण बाला अब तक एक दर्जन से अधिक बार स्टेट एवं छह बार नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा ले चुकी है। हैडबाल एवं बास्केट बाल में नेशनल लेवल पर अलग पहचान बनाने वाली किरण बाला एथलेटिक्स में रिले रेस, ट्रिपल जम्प, 100 मीटर बाधा दौड़ में नेशनल लेवल की खिलाड़ी है।

**स्थाई नौकरी की तलाश**

फरीदाबाद में बतौर एसपीओ कार्यरत किरण बाला को अपना खेल आगे बढ़ाने के लिए वर्तमान में एक सरकारी नौकरी की दरकार है। हालांकि वह पुलिस में अधिकारी बनाने का सपना रखती थी, मगर कभी औद्योगिक सुरक्षा बल में तैनात रही किरण वर्तमान में महज एक एसपीओ के तौर की अपना गुजारा कर रही है। यदि प्रदेश सरकार उसकी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए उसे स्थाई सरकारी नौकरी दे तो वो और भी बड़ा मुकाम हासिल कर सकती है।

# छात्रों की कक्षा ना लगने पर एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

Faridabad/Alive News

शुक्रवार को एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में छात्रों ने नेहरू कॉलेज के प्राचार्य एम. के. गुप्ता को प्राध्यापकों की कमी के कारण कक्षा ना लगने की शिकायत को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग के डायरेक्ट एवं हरियाणा शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा। एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि जीव विज्ञान विभाग में से अभी अभी कई प्राध्यापक सेवानिवृत्त हुए हैं जिसके कारण छात्रों की कक्षाएं नही लग पा रहीं हैं। छात्रों की इस संबंध में उन्हें कई मौखिक शिकायत प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि बीएससी मेडिकल( 6 कक्षाएं), बीएससी बॉयोटेक( 2 कक्षाएं) तथा बीएससी केमिस्ट्री ऑनर्स( 2 कक्षाएं) के कुल मिलाकर 10 कक्षाएं हैं और 20 पेपर हैं जिनके लिए 8 से 9 प्राध्यापको की जरूरत हैं जबकि विभाग में केवल 2 प्राध्यापक ही कार्यरत हैं। ऐसे में 8 प्राध्यापकों का काम 2 प्राध्यापक



कैसे कर पाएंगे। ऐसे में छात्रों की पढ़ाई पूरी नही हो पाएगी।

कृष्ण अत्री ने भाजपा-जजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा सरकार ने वाह वाही लूटने को नए कॉलेज तो कई खोल दिये लेकिन स्टॉफ भर्ती नही की जिसके कारण छात्रों को काफी परेशानी का सामना कर पड़ रहा हैं और ऐसा अकेले नेहरू कॉलेज में नहीं हैं बल्कि प्रदेश के सभी कॉलेजों में यही हाल है। इसलिए सरकार को चाहिए कि छात्रों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान करना चाहिए ताकि छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में कोई समस्या का सामना ना करना पड़े। इस मौके पर छात्र नेता आरिफ खान, सोनू सिंह, योगेश चौधरी, मनीष चौधरी, अमित शर्मा, सन्नू चौधरी, सुमित तंवर, अमित खेड़ी, कामना, मनीषा, नेहा, ज्योति, प्रिया आदि मौजूद थे

## यूनाइटेड ग्रेफ़ा एसोसिएशन नए सोसाइटी एक्ट व स्ट्रक्चर ऑडिट के लिए देगी सुझाव : एडवोकेट

Faridabad/Alive News



बृहस्पतिवार को सेक्टर 12 कोर्ट में नवगठित यूनाइटेड ग्रेफ़ा एसोसिएशन ऑफ़ अपार्टमेंट, प्लॉट ओनर्स, आर.डब्लू.ए., कॉलोनी एंड विलेजेस की मीटिंग, प्रेस विज्ञप्ति में एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. शर्मा ने सरकार के सोसाइटी एक्ट में मूलभूत परिवर्तन के लिए विधानसभा के अगले में बिल लाने का समर्थन किया। उन्होंने बताया की वकील इस बिल में सकारात्मक सुझाव दे सकते है इसलिए यूनाइटेड ग्रेफ़ा एसोसिएशन ने 6 वकीलों का पैनल बना कर सुझावों का प्रस्ताव सरकार को दो सप्ताह में देने का निर्णय किया है। एडवोकेट ओ.पी. शर्मा ने एडवोकेट संदीप पाराशर, किरपाराम, गौरव शर्मा, सचिन वशिष्ठ, अविनाश कुमार व सतिंदर दुग्गल को सभी को प्रस्ताव बनाने का काम सौंपा है। एसोसिएशन की बृहस्पतिवार को संपन्न हुई मीटिंग में रिक्टर स्केल पर 6.6 आये भूकंप के कारण ग्रेटर फ़रीदाबाद में उत्पन्न हुई स्थिति से निबटने के लिए सरकार के उच्चतम अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रेटर फ़रीदाबाद में हाईराइज बिल्डिंगस की रिक्टर स्केल पर सिर्फ़ 7.7 झटके को ही सहने की क्षमता है इस तथ्य के उजागर होने से यह साफ़ है की सरकार की हाई-राइज सोसाइटी के अप्रूवल में कुछ कमी अवश्य है। जिसके कारण सरकार खुद या बिल्डर के खर्चे पर स्ट्रक्चर ऑडिट कर उन्हें मजबूत बनाने के लिए कमर कस ले।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपने 71वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में मना रहा है विशेष सेवा पखवाड़ा

Faridabad/Alive News

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपनी स्थापना के 71 वें वर्ष के उपलक्ष में 24 फरवरी से 10 मार्च तक विशेष सेवा पखवाड़ा मना रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद के तत्वाधान में किया जा रहा हैं।

क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी रूद्र दीप दत्ता द्वारा 24 फरवरी को इस पखवाड़े का शुभारंभ किया गया इसी कड़ी में 27 फरवरी को शाही एक्सपोर्ट सेक्टर 28 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ सुविधा समागम का आयोजन किया गया। एक मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय में सुविधा समागम का आयोजन किया। इन आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारियों, नियोजक प्रतिनिधियों व श्रमिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कई शिकायतों का तुरंत निपटान किया गया तथा कई शिकायतों को सेवा पखवाड़े के दौरान निपटान करने का आश्वासन दिया गया।

एक मार्च को ही कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक राजेंद्र कुमार ने भी ऑनलाइन माध्यम से कर्मचारियों की समस्याएं सुनी तथा उनका तुरंत निवारण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिसका निवारण अगले ही दिन क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद द्वारा कर दिया गया। पखवाड़े के दौरान 28 फरवरी को स्वच्छता अभियान का भी आयोजन संजय कॉलोनी सेक्टर 23 में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किया गया। तीन मार्च को पीआर पैकेजिंग पृथला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किया गया उक्त शिविर में 60 महिला कर्मचारियों सहित लगभग 100 कर्मचारियों ने सहभागिता की तथा चिकित्सकों से परामर्श व दवाइयां प्राप्त की। सभी शाखा कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान लंबित सभी भुगतानों का निपटान सुनिश्चित करें।

# 6 साल के संघर्ष के बाद एडल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी में लगे व्यक्तिगत बिजली मीटर

Faridabad/Alive News

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एडल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी के लोगों को लंबे समय के बाद राहत मिली है। 6 साल के संघर्ष के बाद सोसाइटी निवासियों को व्यक्तिगत बिजली कनेक्शन की सुविधा मिल गई है। मंगलवार तक अन्य 50 से ज्यादा सोसाइटी के लोगों को भी यह सुविधा मिल जाएगी। निगम में इस संबंध में जरूरी दस्तावेज जमा करने के आदेश दिए है।

सोसाइटी के ?लोगों के मुताबिक साल 2018 में बिल्डर दिवालिया हो गया। बिल्डर ने कमर्शियल बिजली कनेक्शन लिया था, जिससे लोगों के ऊपर करोड़ों का बिल आ गया। साल 2021 में बिजली निगम ने एक साथ बिल भेजकर 2021 में कनेक्शन भी काट दिया। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। 6 महीने तक लोग डीजी की बिजली पर निर्भर रहें। लोगों ने सोसाइटी में बिजली कनेक्शन को लेकर डीसी को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी इस संबंध में शिकायत कर कनेक्शन की मांग की गई। लोग कनेक्शन के लिए विभागों के चक्कर काटते रहे।



2018 से कर रहे थे व्यक्तिगत बिजली कनेक्शन की मांग

लोग व्यक्तिगत बिजली कनेक्शन की मांग साल 2018 से कर रहे थे, इस संबंध में हाईकोर्ट भी गए। 15 जनवरी 2023 को सोसाइटी में मीटर लगाने के संबंध में सभी जरूरी दस्तावेज बिजली निगम में जमा करने के आदेश दिए गए। सोसाइटी के लोगों ने सभी जरूरी दस्तावेज और पैसे जमा करा दिए हैं। 2 में को पहले 17 घरों में बिजली कनेक्शन दिए गये। लोगों को महंगी बिजली की दरों और कटौती से राहत मिलेगी।

**क्या कहना है लोगों का**

सोसाइटी में बिजली कनेक्शन को लेकर लंबे से मांग की जा रही थी, अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों के दरवाजे बार बार खटखटाएं गए, इस संघर्ष में सोसाइटी के सभी लोगों का योगदान रहा।

**-अभिषेक द्विवेदी, आरडब्ल्यूए प्रधान।**

बिजली का बिल बहुत अधिक आ रहा था, कई कई घटें बिजली कटौती रहती थी, बिल्डर की गलती का खमियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा था, व्यक्तिगत कनेक्शन से महंगे बिजली बिल से राहत मिलनी की आस है।

**-अनिल राणा, स्थानीय निवासी।**




Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448